www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 7 । अंक – 232 । नर्मदापुरम, गुरुवार 28 नवंबर 2024 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

जिला स्तरीय तकनीकी समूह की बैठक सम्पन्न — पृष्ठ 3

- इंडिया को नेक्स्ट लेवल पर जाकर खेलना होगा
- बांग्लादेश मीडिया डॉ. मोहम्मद यूनुस के भ्रमित विचारों के खिलाफ हो गया — पृष्ठ 4

- स्कूल आने-जाने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर दी समझाईश — पृष्ठ 6

भारत व ब्रिटेन को एआई, टेली-मेडिसिन व एग्री-टेक में सहयोग की जरूरत : गोयल — पृष्ठ 8

### राहुल बोले- अडानी को गिरफ्तारी से बचा रही सरकार

# अडानी मुद्दे पर संसद में फिर हंगामा





**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन बुधवार को फिर संसद में हंगामा हो गया। बढ़ता हंगामा देख कार्यवाही को दोपहर 12 बजे के लिए फिर स्थगित कर दिया, लेकिन इसके बाद फिर हंगामा हो गया। इसके अवाला विपक्ष ने दोनों सदनों में संभल हिंसा का मुद्दा उठाया। इस बीच हंगामे को देखते हुए दोनों सदनों की कार्यवाही 28 नवंबर तक स्थगित कर दी गई।

सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद संसद के बाहर राहुल गांधी ने कहा कि केन्द्र सरकार लगातार गौतम अडानी को बचाने का प्रयास कर रही है। अडानी पर अमेरिका में 2 हजार करोड़ रुपए की रिश्वत देने का आरोप है। अडानी को जेल में होना चाहिए लेकिन मोदी सरकार बचाव में खड़ी है। दरअसल, 21 नवंबर को यूनाइटेड स्टेट्स अटॉर्नी ऑफिस की ओर से कहा गया था कि अडानी ने भारत में सोलर एनर्जी से जुड़ा कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए कथित भारतीय अधिकारियों को 265 मिलियन डॉलर (करीब 2200 करोड़ रुपए) की रिश्वत दी या देने की योजना बना रहे थे। वहीं, बुधवार को अडाणी ग्रुप ने साफ कर दिया है कि चेयरमैन गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी और सीनियर एग्जीक्यूटिव विनीत जैन पर अमेरिका में रिश्वत से जुड़े कोई आरोप नहीं हैं। मीडिया हाउस में चल रही खबर गलत हैं। इस तरह की खबर से हमारा कोई लेना देना नहीं है।

### खड़गे के कक्ष में विपक्षी नेताओं ने की बैठक



सत्र की कार्यवाही शुरू होने से पहले कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के चैंबर में इंडिया गठबंधन के फ्लोर नेताओं की बैठक हुई। इस बैठक में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी मौजूद थे। बैठक में संसद सत्र में उठाए जाने वाले मुद्दों पर चर्चा की गई थी।

### महाराष्ट्र में शिंदे ने रुख किया साफ

# भाजपा का मुख्यमंत्री मंजूर



- महायुति में कभी मतभेद नहीं रहा : फडणवीस
- प्रधानमंत्री मोदी व शाह का फैसला होगा मंजूर

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिवसेना शिंदे गुट के प्रमुख एकनाथ शिंदे ने बुधवार को मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही चर्चाओं को विराम दे दिया। उन्होंने कहा कि मेरे मन में मुख्यमंत्री बनने की लालसा नहीं है। पीएम मोदी और अमित शाह जो भी निर्णय लेंगे मुझे मंजूर होगा।

सरकार बनाते समय मेरी तरफ से कोई अड़चन नहीं आएगी। मैं चट्टान की तरह साथ खड़ा हूं। भाजपा की बैठक में जो भी निर्णय लिया जाएगा, हमें मान्य होगा। भाजपा का मुख्यमंत्री मुझे मंजूर है। एकनाथ शिंदे ने कहा कि पिछले ढाई साल में पीएम मोदी और अमित शाह ने मेरा पूरा सहयोग किया। अमित शाह और पीएम मोदी ने बालासाहेब ठाकरे के एक आम शिवसैनिक को मुख्यमंत्री बनाने के सपने को पूरा किया है। वे हमेशा मेरे साथ खड़े रहे हैं। उन्होंने मुझ पर विश्वास किया। मुझे मुख्यमंत्री बनाया और बड़ी जिम्मेदारी दी। मैं रोने वालों और लड़ने वालों में से नहीं हूं।

## सार समाचार

### कैलाश गहलोत ने विधानसभा सदस्यता से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री कैलाश गहलोत ने बुधवार को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल को भेजा है। उन्होंने पत्र में लिखा कि आम आदमी पार्टी अपने नैतिक मूल्यों से भटक गई थी और उसके साथ अब आगे बढ़ना काफी मुश्किल हो गया था। गहलोत ने अपने पत्र में एक बार फिर आम आदमी पार्टी (आप) पर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस दिन मैंने मंत्री पद छोड़ा, उसी दिन मैंने आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया था।

### सिंहस्थ वर्ष 2028 के लिए संभाग स्तरीय समिति का गठन

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य शासन ने सिंहस्थ वर्ष–2028 अंतर्गत आवश्यक अधोसंरचना की कार्ययोजना तैयार करने, इनके क्रियान्वयन की समीक्षा करने एवं मंत्रि–परिषद समिति द्वारा लिये गये निर्णयों का पालन सुनिश्चित करने के लिए संभाग स्तरीय समिति का गठन संभागीय आयुक्त,उज्जैन संभाग की अध्यक्षता में किया है । समिति में कलेक्टर, जिला उज्जैन सदस्य सचिव होंगे। मेला अधिकारी उज्जैन, इंदौर कलेक्टर, खण्डवा कलेक्टर, देवास कलेक्टर, संबंधित विभागों के संभागीय अधिकारीगण, आयुक्त नगर पालिका निगम उज्जैन, संयुक्त, संचालक, कोष एवं लेखा उज्जैन संभाग, मुख्य अभियंता लोक निर्माण, उज्जैन/इंदौर, मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, इंदौर सदस्य होंगे।

समिति द्वारा सिंहस्थ–2028 के अंतर्गत आवश्यकता अनुसार नए कार्यों के प्रस्ताव नोडल विभाग को अनुशंसित करना, राज्य शासन द्वारा समिति को निर्माण एवं क्रय के कार्यों, सिंहस्थ मद के उत्तरदायित्व सौपे जाने पर उन कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति एवं क्रय प्रक्रिया पूर्ण करना सिंहस्थ–2028 अंतर्गत कराए जा रहे सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करना, राज्य शासन द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य उत्तरदायित्व निर्वहन समिति द्वारा किये जायेंगे।

### वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ विधानसभा परिसर में प्रदर्शन

**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन बुधवार को प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी राजद सहित महागठबंधन में शामिल अन्य दलों के विधायकों ने वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। राजद के विधायकों ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल केंद्र सरकार वापस ले। नीतीश कुमार इस पर चुप्पी तोड़ें और विधानसभा से इसके खिलाफ में प्रस्ताव पारित करें।

### दिल्ली में ग्रैप-4 रहेगा जारी, प्रदूषण फिर बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की राजधानी दिल्ली में हवा की गुणवत्ता फिर गंभीर श्रेणी में पहुंच गई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, बुधवार को दिल्ली का ओवरऑल एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 396 है। वहीं, कुछ इलाकों में यह स्तर 400 के पार पहुंच चुका है, जिससे लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। दिल्ली के विभिन्न इलाकों में प्रदूषण का स्तर बेहद चिंताजनक हो गया है।

### बोरवेल को लेकर हुआ विवाद

# दलित युवक की पीट-पीटकर हत्या

### 8 के खिलाफ मामला दर्ज, 4 हिरासत में

**शिवपुरी, देशबन्धु।** शिवपुरी में बोरवेल को लेकर विवाद के बाद एक दलित युवक नारद जाटव की पीट–पीटकर हत्या कर दी गई। दिल दहला देने वाले इस घटनाक्रम का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने हत्यारोपी सरपंच और परिजनों सहित 8 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर 4 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

बताया जाता है कि जिले के सुभाष थाना इलाके के इंदरगढ़ गांव में एक दलित युवक का और उसके मामा के परिवार का इलाके के सरपंच पदम धाकड़ के परिवार के साथ रास्ते और बोरवेल को लेकर पुराना विवाद था। इसी विवाद को लेकर आपसी शिकायतों का दौर शुरू हुआ। जिससे गुस्साए सरपंच और उसके परिवार वालों ने युवक को अकेला घेरकर लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। यह लोग दम तोड़ने तक पीटते रहे। पुलिस ने सरपंच सहित उसके परिवार के 8 सदस्यों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो सामने आ रहे हैं, उसमें साफ देखा जा सकता है कि दलित युवक पर आरोपी एक के बाद एक लाठियां बरसाते जा रहे हैं। उन्हें कानून का बिल्कुल भी खौफ नहीं है।

### मुख्यमंत्री ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिवपुरी जिले के ग्राम इंदरगढ़ में जल कनेक्शन को लेकर दो पक्षों में हुए आपसी विवाद में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। घटना में मृतक नारद जाटव के परिजन को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को घटना स्थल पर पहुँच कर पीड़ित परिवार से मुलाकात के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में अशांति फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा। मध्यप्रदेश में क्रूरता एवं अराजकता के लिए कोई स्थान नहीं है। उल्लेखनीय है कि शिवपुरी जिले के ग्राम इंदरगढ़ में दो पक्षों में जल कलेक्शन को लेकर हुए विवाद में नारद जाटव को गंभीर चोटें आई थीं, जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस द्वारा 8 आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है, जिसमें से 4 आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है।

**मृतक के परिजन को 4 लाख की सहायता**

### कांग्रेस ने कहा- दलित सुरक्षित नहीं

**भोपाल, देशबन्धु।** बोरवेल विवाद के चलते शिवपुरी में नारद जाटव नामक युवक की पीट पीटकर हत्या के मामले में कांग्रेस हमलावर है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने जहां इस घटना को लेकर ट्वीट किया कि दिनदहाड़े हुए इस हत्याकांड के बाद एक बार फिर साबित हो गया है कि मध्यप्रदेश में दलित वर्ग सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई दिन नहीं जाता, जिस दिन प्रदेश में दलितों पर अत्याचार की घटना नहीं होती है। कोई दिन ऐसा नहीं जाता, जिस दिन प्रदेश के दलितों पर अत्याचार की घटना नहीं होती हो। भाजपा के शासन में दबंगों के हौंसले बढ़ रहे है और दलित तथा आदिवासियों के अत्याचार छीनना उनकी आदत बन गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री से दलितों और आदिवासियों के लिए सुरक्षा के विशेष प्रबंध करने की मांग की है। कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक्स पर लिखा है कि 'भाजपा का राज आज दलितों के लिए शोषण और अत्याचार का पर्याय बन चुका है।

### मुख्यमंत्री का वार्विक विश्वविद्यालय पहुंचने पर हुआ आत्मीय स्वागत, जताई प्रसन्नता

# 60 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यूके दौरे के समापन पर कहा है कि इंग्लैंड का दौरा हमारे लिए कई अर्थों में बहुत महत्वपूर्ण रहा है। सभी प्रकार के अलग–अलग क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश आए। आज बदलते दौर में मध्यप्रदेश में जो संभावनाएं हैं, उनको देखते हुये बड़े पैमाने पर नए निवेशकों ने रुचि दिखाई है, मुझे इस बात का संतोष है कि हमें 60 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव हुये हैं। इसमें सभी प्रकार के सेक्टर जैसे चिकित्सा, उद्योग, माइनिंग और सर्विस सेक्टर शामिल है। एग्रीकल्चर में भी लोगों ने रुचि दिखाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव लंदन की वार्विक यूनिवर्सिटी पहुंचे और विशेष–विशेषज्ञों से संवाद किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विश्वविद्यालयों और अकादमिक संस्थानों द्वारा किए जाने वाले शोध और अध्ययन की सार्थकता तभी है, जब वे समाज हित में हों। विश्व के कई देशों में शिक्षा के क्षेत्र में इस दिशा में पहल हो रही है। मध्यप्रदेश सरकार ने भी नई शिक्षा नीति के माध्यम से इस ओर कदम बढ़ाए हैं। आने वाली चुनौतियों का सामना करने में विद्यार्थियों को सक्षम और समर्थ बनाना वर्तमान शिक्षा व्यवस्था की प्राथमिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह भट्टाचार्य जी के द्वारा स्थापित किया हुआ कैम्पस है, इसमें 30 हजार से अधिक विद्यार्थी पढ़ते हैं। यहाँ रिसर्च की मूल कल्पना है कि रिसर्च के साथ में इनोवशन भी करें, जिसका लाभ उद्योगों के साथ समाज को भी मिले। इससे हम बदलते दौर में स्वयं के विकास के साथ मानवता की सेवा भी कर सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में ऑटोमोटिव क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कार्य जारी है, अभी भी अपार संभावनाएं विद्यमान हैं। उन्होंने कहा कि संभावनाएँ तलाशी जायेंगी कि मध्यप्रदेश के युवा यूके के वार्विक मैन्युफैक्चरिंग ग्रुप में आकर दक्षता अर्जित करें और ग्रुप के विशेषज्ञ भी मध्यप्रदेश आकर प्रशिक्षण उपलब्ध कराएं। साथ ही विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों से डबल्यूएमपी ग्रुप को संबद्ध करने की दिशा में भी पहल होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यूके में वे अपने देश के अन्य प्रदेश के साथ मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों से भी मिले। उनसे आत्मीय संवाद हुआ। इस कैम्पस में पूरी दुनिया से विद्यार्थी पढ़ने के लिये आ रहे हैं। इस मॉडल को हम मध्यप्रदेश में भी लागू कर सकते हैं। इसके लिये यहाँ के विश्वविद्यालयों का मध्यप्रदेश के विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू करायें। हम प्रयास करेंगे कि हमारे इंडस्ट्री के कैम्पस में भी ऐसे रिसर्च सेन्टर बने, जिनका लाभ सभी को मिले। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएमजी और मध्यप्रदेश का परस्पर संपर्क और विशेषज्ञों एवं विद्यार्थियों का आवागमन बना रहेगा।



### स्वामी नारायण संप्रदाय और इस्कॉन करेंगे प्रदेश में नये केंद्र निर्मित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लंदन यात्रा के दौरान भगवान स्वामी नारायण मंदिर जाने और स्वामी नारायण सम्प्रदाय तथा इस्कॉन के सदस्यों से भेंट का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मध्यप्रदेश में दो प्रमुख ज्योतिर्लिंग हैं, साथ ही प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों में विभिन्न लोकों का निर्माण हो रहा है। स्वामी नारायण संप्रदाय और इस्कॉन भी मध्यप्रदेश में अपने नये केंद्र निर्मित करेंगे। उनकी धार्मिक मान्यताओं के आधार पर देव स्थानों की स्थापना से मंदिर संस्कृति और आध्यात्मिक संस्कारों का विस्तार होगा और प्रदेशवासियों को इन सम्प्रदायों से जुड़कर आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

### भोपाल में आईटी हब और अंतर्राष्ट्रीय एयर कनेक्टिविटी को लेकर हुई चर्चा

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विदेश प्रवास के दौरान लंदन में अपनी यात्रा के अंतिम दिन फ्रेन्ड्स ऑफ एम.पी चैप्टर के प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया और समूह सदस्यों से भेंट कर उन्हें मध्यप्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष भोपाल में आईटी हब बनाने और अंतर्राष्टीय हवाई सेवा प्रारंभ करने का प्रस्ताव रखा गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मुलाकात में भोपाल के विकास और एयर कनेक्टिविटी को लेकर काम कर रही संस्था एयर कनेक्टिविटी फॉर भोपाल डेवलपमेंट (एएफबीडी) ग्रुप के फाउंडर आबिद फारूकी ने भोपाल में आईटी कंपनी स्टार्ट–अप को लेकर अपना प्रस्ताव रखा।

# संभल हिंसा में 3 महिलाओं समेत 27 गिरफ्तार

**लखनऊ, एजेंसी।** संभल हिंसा मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस ने बुधवार को तीन महिलाओं को भी गिरफ्तार किया है। इन महिलाओं पर उपद्रव में शामिल होने का आरोप है। शासन की तरफ से हिंसा में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आदेश भी दिए जा चुके हैं। अब तक मोबाइल, सीसीटीवी फुटेज और ड्रोन कैमरों से मिले वीडियो के आधार पर 100 से ज्यादा आरोपियों को चिन्हित किया जा चुका है। जिनमें से 27 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

एसपी कृष्ण कुमार ने कहा, पुलिस पर पथराव करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लेकिन, हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि किसी निर्दोष के खिलाफ कोई कार्रवाई न हो। हम हिंसा के संबंध में सामने आए वीडियो के आधार पर सभी उपद्रवियों को चिन्हित कर रहे हैं। पुलिस कई पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने अब तक जितने भी आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उसमें से तीन आरोपी ऐसे हैं, जिनकी आंखों में हरे रंग का लोशन लगा हुआ दिखा। इसे लगाने की पीछे की वजह पूछे जाने पर बताया गया कि इसे लगाने से आंसू गैस का असर बहुत कम पड़ता है।

### संभल जाने से रोका जा रहा है : अखिलेश

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के संभल में जामा मस्जिद के सर्वेक्षण को लेकर हुई हिंसा व आगजनी के बाद सियासी बयानबाजी कम होने का नाम नहीं ले रही है। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक कटिंग के माध्यम से संभल हिंसा के पीड़ित के बयान के साथ लिखा कि न्याय का मान न्यायालय ही सुनिश्चित करेगा। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बुधवार को सोशल मीडिया के माध्यम से संभल हिंसा के पीड़ित के बयान को पोस्ट किया और लिखा कि किसी को धमकाकर कोरे कागज पर अंगूठा लगवाना भी गुनाह है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय तत्काल संज्ञान ले और दोषी शासन–प्रशासन के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करके, इस घटना के लिए जिम्मेदार सभी को सजा दे। न्याय का मान न्यायालय ही सुनिश्चित करेगा। इसके पहले सपा मुखिया ने पत्रकारों से बातचीत में संभल हिंसा पर सवाल उठाए थे।

### लखीमपुर खीरी कांड : गवाहों को धमकाने का आरोप

# सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्रा से किया जवाब-तलब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में 2021 के हिंसा मामले के आरोपियों में शामिल पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को गवाहों को धमकाने के आरोप पर चार सप्ताह में अपना जवाब देने का बुधवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया।

पीठ ने शिकायतकर्ताओं में से एक का पक्ष रख रहे वकील ने पीठ के समक्ष दलील दी कि उन्होंने मिश्रा द्वारा गवाहों को धमकाने का दावा करते हुए याचिका दायर की थी। इस पर पीठ आरोपी आशीष के अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे से चार सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने को कहा। श्री दवे ने हालांकि आरोपों से इनकार किया और कहा कि यह एक 'अंतहीन प्रक्रिया' है। उन्होंने जोर देकर कहा कि तस्वीरों में उनका



मुवक्किल नहीं है।

पीठ पर श्री दवे की इन दलीलों का असर नहीं हुआ। पीठ ने उनसे सहलफनामा दाखिल कर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा। शीर्ष अदालत ने इससे पहले 22 जुलाई को आशीष मिश्रा को जमानत दे दी थी और उनके दिल्ली या लखनऊ आने–जाने पर रोक लगा दी थी। उच्चतम न्यायालय ने मामले में चार किसानों गुरुविंदर सिंह, कमलजीत सिंह, गुरुप्रीत सिंह और विचित्र सिंह को भी जमानत दे दी थी और निचली अदालत को सुनवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया था।

### 4 किसानों को कुचल दिया था

लखीमपुर खीरी में तीन अक्टूबर, 2021 को चार किसानों सहित आठ लोगों की मौत हो गई थी। यह हिंसा तब भड़की जब आंदोलनकारी किसान लखीमपुर खीरी में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के इलाके के दौरे का विरोध कर रहे थे। इसी दौरान एक वाहन ने चार किसानों को कुचल दिया था। इसके बाद गुस्साए किसानों ने कथित तौर पर एक ड्राइवर और दो भाजपा कार्यकर्ताओं की पीट–पीटकर हत्या कर दी। हिंसा में एक पत्रकार की भी मौत हो गई।

### अजमेर शरीफ को शिव मंदिर बताने वाली याचिका मंजूर

**अजमेर, एजेंसी।** ज्ञानवापी का विवाद अभी जारी है और इस बीच अजमेर की विश्वप्रसिद्ध ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह को लेकर बड़ी खबर आई है। अजमेर शरीफ दरगाह को शिव मंदिर बताने वाली याचिका को निचली अदालत ने स्वीकार कर लिया है। कोर्ट ने हिंदू सेना की याचिका स्वीकार की है। मामले की अगली सुनवाई 20 दिसंबर को होगी। यह मामला अजमेर ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में शिव मंदिर होने के दावे से जुड़ा है। अजमेर के ख्वाजा गरीब नवाज हसन चिश्ती की दरगाह में शिव मंदिर होने के दावे से जुड़ी याचिका पर बुधवार को अजमेर पश्चिम सिविल जज सीनियर डिविजन मनमोहन चंदेल की कोर्ट ने सुनवाई करते हुए वादी विष्णु गुप्ता की याचिका पर अहम फैसला सुनाया। न्यायाधीश मनमोहन चंदेल ने दरगाह कमेटी,अल्पसंख्यक मामला, कार्यालय भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण धरहर भवन नई दिल्ली को समन नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। अजमेर की सिविल कोर्ट में इस याचिका को हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने दायर किया था। याचिका में भगवान महादेव का मंदिर होने का दावा किया गया है। उनका कहना है कि अजमेर शरीफ दरगाह को भगवान श्री संकटमोचन महादेव विराजमान मंदिर घोषित किया जाए। साथ ही दरगाह समिति के अनाधिकृत अवैध कब्जे को हटाया जाए।

**20 दिसम्बर को होगी सुनवाई**

# एसटीआर से बाहर भी बाघ की दहाड़, भैंस का किया शिकार

## डांडीवाड़ा और सिलवानी पंचायत के गांवों में दहशत का माहौल

### वन विभाग तैयार कर रहा है ग्रामीण को मुआवजा दिलाने प्रकरण

**इटारसी, देशबन्धु।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से सटे गांव में बाघ ने कुछ पालतू जानवरों का शिकार किया है। टाइगर की आमद से गांव के लोग दहशत में हैं और रात भी जागकर काट रहे हैं। गांव की सड़कों पर टाइगर के पगचिह्न दिखाई देने से और जानवरों का शिकार होने से गांव के लोगों ने एसटीआर और वन विभाग सामान्य को इसकी सूचना दी और टाइगर के खौफ से निजात दिलाने की मांग की है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के एसडीओ विनोद वर्मा का कहना है कि बाघ के मूवमेंट की सूचना मिली है, बाघ ने बारदारैयत में दो भैंस का शिकार किया है। एसटीआर की टीम ने मौके पर जाकर ग्रामीणों से बातचीत की है। सामान्य वन के अधिकारियों ने भी मौके पर जाकर स्थिति देखी है। वन विभाग ने ग्रामीण को हुए नुकसान पर प्रकरण बनाकर निर्धारित मुआवजा दिलाने के लिए आश्वस्त किया है।

**खौफजदा हैं ग्रामीण** – ग्रामीणों के अनुसार बाघ का मूवमेंट होने से दांडीवाड़ा पंचायत के बारधारैयत, बासनिया और सिलवानी पंचायत के गांव में ग्रामीण खौफजदा हैं। वन विभाग और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व का एक दल गांवों का दौरा कर चुका है, एसटीआर की टीम इस बात की जानकारी जुटा रही है कि आखिर बाघ तवा बांध के इस तरफ आया कि एसटीआर के बाहर का कोई बाघ यहां पहुंचा है। तवा के आसपास बाघ के फुट प्रिंट तलाशे जा रहे हैं।





**बाघ पता नहीं कहां से आया** – फिलवक्त यह ठीक तरह से नहीं कहा जा सकता है कि बाघ आखिर आया कहां से है। यदि तवा को पार करके आया होगा तो उसके फुट प्रिंट तवा किनारे मिल जाएंगे। यदि नहीं मिले तो माना जाएगा कि बाघ एसटीआर से नहीं कहीं बाहर से आया है। रिजर्व से बाहर का बाघ भी हो सकता है। फिलहाल सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की टीम इसका पता लगाने में जुटी हुई है। एसटीआर प्रबंधन ने ग्रामीणों से सतर्कता बरतने की अपील भी की है।

**भैंस और गाय पर भी हमला** – ग्रामीणों का कहना है कि बाघ ने भैंस तो मारी, और गाय पर भी हमला किया है। कुछ भैंस घायल भी हुई हैं। ग्रामीण दिनेश यादव की भैंस मारी हैं, उनको मुआवजा के लिए विभाग कार्रवाई कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बाघ के मूवमेंट से गांव में दहशत है, आज जानवरों पर हमला किया, कल कहीं किसी इनसान पर हमला न कर दे, इसी डर के साये में ग्रामीण जी रहे हैं। वे चाहते हैं एसटीआर प्रबंधन बाघ को जल्द वापस ले जाये।

**गांव में मिलता आसान शिकार** – बाघ को जंगल में शिकार के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है, जबकि गांव में यदि किसी तरह से आ गया तो उसे यहां आसान शिकार मिल जाता है, ऐसे में ग्रामीणों को डर है कि बाघ आसपास ही कहीं न हो। यदि एक बार वह पानी में तैरकर इस तरफ आया है तो वह फिर दोबारा भी यहां आ सकता है। बाघ एक कुशल तैराक होता है, जो पानी में तैरकर अपने शिकार की तलाश में गांवों में भी घुस सकता है, यही डर ग्रामीणों को सता रहा है।

**इनका कहना है...**

जिस ग्रामीण के मवेशी मारे हैं, वन विभाग उनका प्रकरण बनाकर मुआवजा की कार्रवाई कर रहा है। एसटीआर की टीम पता कर रही है कि बाघ एसटीआर से गया है या फिर कहीं बाहर से आया है। ग्रामीणों को फिलहाल सतर्क रहना चाहिए।

**विनोद वर्मा, एसडीओ, एसटीआर**

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

## संविधान के लिए दौड़े सौ से ज्यादा युवा



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल में मंगलवार को रन फॉर कॉन्स्टिट्यूशन में 100 से ज्यादा युवाओं ने भागीदारी की सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन मूवमेंट-21 ने मयूर पार्क से डॉ. आंबेडकर चौराहे (बोर्ड ऑफिस) तक इस दौड़ का आयोजन किया। इसका मकसद भारत के संविधान में बताए गए मूल्यों का प्रचार-प्रसार करना था। यह दौड़ 4 कैटेगरी- 1 किमी, 3 किमी, 5 किमी और 10 किमी में हुई। मयूर पार्क से शिवाजी महाराज चौराहा, कांग्रेस भवन, व्यापमं चौराहे से होते हुए डॉ. आंबेडकर चौराहा तक पहुंची। यहां प्रतिभागियों को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर। मूवमेंट 21 के सदस्य हेमंत आर्य ने बताया संगठन ने देश के सभी नागरिकों के बीच स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्वता, न्याय और गरिमा के संवैधानिक मूल्यों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए दौड़ का आयोजन किया। संगठन ने इस पहल को हर साल बड़े और आकर्षक तरीके से जारी रखने का संकल्प लिया है। वहीं सदस्य एड. प्रतिभा रोज ने संविधान के प्रति हमारे कर्तव्यों विषय पर प्रकाश डाला।

## मप्र कर्मचारी मंच का सत्याग्रह 1 दिसंबर से

**भोपाल, देशबन्धु।** वेतनमान में संशोधन, अनुकंपा नियुक्ति, तबादला सुविधा सहित 10 मांगों को लेकर स्थाईकर्मी 1 दिसंबर से सत्याग्रह शुरू कर रहे हैं। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच की प्रांतीय समिति ने प्रदेश के सभी जिलों में जन जागरण आंदोलन करने का निर्णय लिया है।

बैठक में मंच के अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि राज्य सरकार पिछले 20 साल से अनियमित, अंशकालीन कर्मचारियों एवं श्रमिकों की उपेक्षा कर रही है। बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद 10 मांगें मंजूर नहीं की जा रही हैं। जिससे अनियमित संवर्ग के लाखों कर्मचारियों में राज्य सरकार के विरुद्ध असंतोष व्याप्त है। प्रदेश में न तो वर्तमान सूचकांक के आधार पर श्रमिकों को वेतन दिया जा रहा है और न ही स्थाई कर्मियों का वेतनमान संशोधन किया जा रहा है। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित नहीं किया जा रहा है। अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्ण कालिक दैनिक वेतन भोगी के रूप में कलेक्टर दर का वेतन नहीं दिया जा रहा है। वे कहते हैं कि श्रमिकों का वर्गीकरण भी नहीं किया जा रहा है। बीमा, पेंशन, अवकाश, पीएफ सुविधा का लाभ भी नहीं दिया जा रहा है। इस तरह अनियमित संवर्ग के कर्मचारियों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। नौकरशाही दमनकारी नीति अपना रही है जिस कारण अब प्रदेश व्यापी अनिश्चितकालीन सत्याग्रह भोपाल में शुरू किया जा रहा है। बैठक में राजू सिंह, घनश्याम कटारे, जेम्स एंथोनी, राजा राम मोरे, लव प्रकाश पाराशर, हरि सिंह गुर्जर, सुनील पाठक, शिव प्रसाद सागुले, श्याम बिहारी सिंह, दिनेश श्रीवास्तव, श्यामलाल विश्वकर्मा, भूपेंद्र पांडे, जगदीश शर्मा, चांद सिंह, राम गोपाल सहकारिता, मदनलाल मेहरा, थावरिया भील, नन्नू लाल मालवीय आदि शामिल थे।

## शिव भक्ति से मिलता है मोक्ष : रिचा



**भोपाल, देशबन्धु।** शिव मंदिर कटसी टीटी नगर में चल रही शिव महापुराण की कथा के द्वितीय दिवस आज कथा व्यास विदुषी रिचा गोस्वामी ने कथा के माध्यम से बताया कि भगवान भोलेनाथ को आशुतोष कहा जाता है, जो बड़ी सरलता से सहजता से प्रसन्न हो जाएं। कथा विदुषी रिचा गोस्वामी ने बताया कि आशुतोष भगवान भोलेनाथ हैं, वह अपने भक्तों को मनोवांछित फल देने के लिए कल्पवृक्ष के समान हैं, जिसे पुत्र की कामना है उसे पुत्र की प्राप्ति हो जाती है। उन्होंने रुद्राक्ष की महिमा को भी बतलाया शिव महापुराण कथा में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से साढ़े 11 बजे तक रुद्राभिषेक संपन्न होता है। दोपहर 2 से 5 बजे तक शिव कथा होती है एवं सायं कल समय में 7 से 9 बजे तक ज्योतिष दरबार लगता है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद हरदा जिला - हरदा (म.प्र.)**

क्र. 6660 लो.नि./ विधायक निधि / 2024 हरदा दिनांक 27.11.2024

**तृतीय ई-निविदा सूचना**

Tender Notice No.- 2024_UAD_303156_3 Date : 27 /11/24

कार्य का नाम :- विधायक निधि वार्ड क्रं. 35 कालू बाबा के पास उड़ा हरदा में नवयुवक मेहरा समाज समिति हरदा के मांगलिक भवन निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा। अनुमानित लागत क्रमशः Rs. 420009 अमानत राशि Rs. 4200 ई-निविदा जमा करने तथा खुलने की दिनांक तथा समय 28.11.2024 से 04.12.2024 तक तथा ई-निविदा 04.12.12024 को समय 05.30 PM बजे तक खोली जायेगी। निविदा सूचना तथा प्रपत्र उपलब्धताः www. mptendrs.gov.in

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद हरदा**




## सेंट जोसफ कॉन्वेंट स्कूल के वार्षिक उत्सव में हुई रंगारंग प्रस्तुति

**इटारसी, देशबन्धु।** सेंट जोसफ कॉन्वेंट स्कूल प्रांगण में रंगारंग वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि मेजर जनरल जमींदर सिंह बिबरा कमांडेंट सीपीई इटारसी, विशेष अतिथियों संयुक्त संचालक शिक्षा श्रीमती भावना दुबे नर्मदापुरम एवं डिप्टी जनरल मैनेजर रघुनन्दन सिंह लोधी पॉवरग्रिड इटारसी थे।



कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के साथ प्राचार्य सिस्टर पुष्पा एवं मैनेजर सिस्टर ऐलिस ने किया। छात्र-छात्राओं ने प्रेयर डांस प्रस्तुत कर ईश्वर की वंदना की। स्वागत भाषण उप प्राचार्य सिस्टर मेटिल्डा ने दिया। संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री बिबरा ने कहा आज इस विद्यालय के वार्षिक समारोह में उपस्थित होना मेरे लिए गर्व की बात है। इस कार्यक्रम में छात्रों की अद्भुत प्रतिभा और अनुशासन देखकर मैं मंत्रमुग्ध हो गया हूं। खासतौर पर बॉयज बैंड की उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया है कि यह विद्यालय न केवल अकादमिक क्षेत्र में, बल्कि सांस्कृतिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी श्रेष्ठ है। मैं विद्यालय की प्रधानाचार्य, समस्त शिक्षकगण और अभिभावकों को हार्दिक बधाई देना चाहता हूं, जिन्होंने इन बच्चों को इतना प्रेरित और प्रोत्साहित किया। यह टीम वर्क और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। ऐसे शिक्षण संस्थान ही समाज और देश के भविष्य को उज्ज्वल बनाते हैं।

कार्यक्रम में कक्षा पहली से बारहवीं तक के छात्र छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों जैसे डांस, ड्रामा एवं स्कूल रिपोर्ट आदि कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति देकर उपस्थित अतिथिओं एवं दर्शकों का मन मोह लिया। अंत में प्राचार्य सिस्टर पुष्पा ने सभी का आभार माना। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, सीएमओ श्रीमती रितु मेहरा, तहसीलदार श्रीमती सुनीता साहनी मेहरागांव सरपंच जीतेन्द्र पटेल सहित आमंत्रित अथिति एवं पालक सम्मिलित थे। समापन फिनाले डांस में 26 /11 के हमले में शहीदों श्रद्धांजलि देकर एवं अंत में राष्ट्रगान से किया।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में 75 वे संविधान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ताओं ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना, निर्माण, स्रोत, मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, स्वतंत्र न्यायपालिका, सरकार का गठन राज्य के नीति निर्देशक तत्व, संविधान का लोकतंत्र में महत्व आदि विषयों पर विचार व्यक्त किये।



मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने कहा कि भारतीय संविधान को राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान जागृत राजनीतिक चेतना का परिणाम माना जाता है। भारतीय संविधान आजादी के 77 वर्षों के पश्चात भी एक जीवंत दस्तावेज की तरह अपना अस्तित्व बनाए हुए है। यह देश व समाज की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समय के साथ विकसित और बदलता रहता है। आइक्यूएसी प्रभारी डॉ. हरप्रीत रंधावा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने कहा था कि 'संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं है, यह एक मार्गदर्शक है, जो समाज को दिशा देता है।' उनका मानना था कि संविधान में हर उस समस्या का समाधान है, जो किसी देश को उन्नति की राह पर ले जा सकता है। उन्होंने इसे भारतीय लोकतंत्र की आत्मा कहा था। उनके विचार आज भी हमें प्रेरित करते हैं और हमारे संविधान को समझने व उसे सम्मान देने की याद दिलाते हैं। संविधान दिवस पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि उनके दिखाए रास्ते पर चलकर हम समाज में समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे का संदेश फैलाएंगे। रविंद्र चौरसिया ने कहा कि हम सभी को संविधान का ज्ञान होना चाहिए ताकि हम अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों से परिचित हो सके। संचालन कर रहे विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी स्नेहांशु सिंह ने किया। कार्यक्रम में श्रीमती पूनम साहू, डॉ हर्षा शर्मा, डॉ शिरीष परसाई, डॉ संजय आर्य, शिखा गुप्ता, डॉ श्रद्धा जैन, डॉ नेहा सिकरवार, हेमंत गोहिया, प्रिया कलोसिया, करिश्मा कश्यप, क्षमा वर्मा, तरुणा तिवारी, श्रीमती शोभा मीणा, मंथन दुबे तथा छात्राएं उपस्थिति थीं।

### अधिवक्ता संघ ने संविधान दिवस मनाया

**इटारसी, देशबन्धु।** अधिवक्ता संघ ने संविधान दिवस पर अपने बार रूम में भारत के संविधान दिवस की 75 वी वर्षगांठ पर एक साथ, हाथ उठाकर शपथ ली। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष रमेश सिंह राजपूत बमबम ने सभी अधिवक्ताओं को शपथ दिलाई और कहा कि हमें अपने संविधान के प्रस्तावना का पालन करना है जिससे देश में एकता और अखंडता बनी रहे। प्रस्तावना को कोषाध्यक्ष राजेश चौरे ने पढ़कर सुनाया। इस अवसर पर संघ के पूर्व अध्यक्ष आरबी पांडे, संतोष गुरयानी, एजीपी राजीव शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता अजय तिवारी, आरके तिवारी सहित सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता के साथ संघ के सभी पदाधिकारी भी मौजूद थे।




## न्यायालय परिसर में वाहन स्टैंड निर्माण का कार्य शुरु

**इटारसी, देशबन्धु।** न्यायालय परिसर में वर्षों से चली आ रही वाहन स्टैंड की समस्या से अब निजात मिलेगी। न्यायालय परिसर में कई वर्षों से दो पहिया वाहन स्टैंड नहीं होने से अधिवक्ता, न्यायालय स्टाफ तथा पक्षकारों के वाहन खड़े करने में बहुत असुविधा होती है। कई बार तो न्यायालय परिसर में वाहन स्टैंड के अभाव में आने-जाने में भी बहुत असुविधा होती है।

इस समस्या को गंभीरता से लेकर संघ के अध्यक्ष रमेश राजपूत, सचिव पारस जैन ने विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे से न्यायालय परिसर के समीप वाहन स्टैंड बनाने का निवेदन किया था। विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के निर्देश पर इटारसी न्यायालय परिसर में बाउंड्री वॉल के समीप वाहन स्टैंड का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है जिससे न्यायालय परिसर इटारसी में वाहनों के खड़े होने की समस्या से निजात मिलेगी और दो पहिया वाहन एवं भारी वाहन तरीके से खड़े होंगे जिससे आवागमन में भी कोई समस्या नहीं होगी।



वाहन स्टैंड की समस्या को दूर कर वाहन स्टैंड निर्माण में सहयोग हेतु संघ अध्यक्ष रमेश राजपूत, सचिव पारस जैन, उपाध्यक्ष मनीष बाजपेई, कोषाध्यक्ष राजेश चौरे, सहसचिव विजय दुबे, ग्रंथपाल कंचन मेहरा, कार्यकारिणी सदस्य भूरे सिंह भदोरिया, राघवेंद्र पांडे, जेपी शुक्ला, अनिल शुक्ला, अनुराग चौरे, गोपाल राजपूत, राधेश्याम पटेल, जिनेंद्र जैन, प्रवक्ता मीडिया प्रभारी विनोद भावसार ने विधायक डॉ. शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्री चौर का आभार व्यक्त किया है।

## विहिप नर्मदापुरम विभाग परिचय बैठक में संगठित होने पर जोर

**इटारसी, देशबन्धु।** विश्व हिंदू परिषद नर्मदापुरम विभाग परिचय बैठक आज पत्रकार भवन इटारसी में आयोजित की गई। बैठक में बैतूल, मुलताई, नर्मदापुरम, पिपरिया, हरदा से आए जिले एवं विभाग के एवं प्रांत के अधिकारियों से क्षेत्रीय संगठन मंत्री जितेंद्र पवार एवं प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह ने परिचय प्राप्त किया एवं संगठन में समन्वय तथा संगठित रहने पर जोर दिया।



क्षेत्रीय संगठन मंत्री जितेंद्र पवार ने कहा कि संगठन की रीति नीति किस प्रकार हो, नए कार्यकर्ता एवं पुराने कार्यकर्ताओं का समावेश होना आवश्यक है, इससे संगठन जीवंत होता है। प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह ने कहा कि हमें अंतिम छोर के कार्यकर्ताओं तक जाना होगा जिससे संगठन को मजबूती मिलेगी। समाज में समरसता का भाव जागृत कर उन्हें संगठित करना आवश्यक होना चाहिए तथा अपने प्रवास के दौरान जितेंद्र पवार ने सिंधी समाज के कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की एवं उन्हें मार्गदर्शित किया। सिंधी समाज के मुखिया धर्मदास मिहानी इस अवसर पर अपने विभिन्न कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद रहे। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री वीर सिंह, विभाग मंत्री चैन सिंह एवं विभिन्न जिलों से आए विभाग एवं जिले के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## यूपीएस को ओपीएस से बेहतर बनाने के लिए जारी रहेगा संघर्ष: गालव

**इटारसी, देशबन्धु।** केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए नई पेंशन स्कीम यूनिफाइड पेंशन स्कीम को मंजूरी दी है, यह स्कीम नेशनल पेंशन सिस्टम की जगह लेगी। लेकिन, इस नई स्कीम में भी खामियां हैं, हम इसे और भी अधिक बेहतर करने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। जो लोग इसको लेकर रेलवे कर्मचारियों में भ्रम फैला रहे हैं, या तो वे स्वयं भ्रम की स्थिति में हैं, या इसे समझ ही नहीं पा रहे हैं। हमने इसमें कोई समझौता नहीं किया है बल्कि नेशनल कौंसिल जेसीएम के लीडर तो उन ही संगठन के हैं, जो यह भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। यह बात वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के महामंत्री मुकेश गालव ने आज यहां गुरुद्वारा के सामने स्थित यूनियन कार्यालय में पत्रकार वार्ता में कही। इस अवसर पर एमएस यादव, टीके गौतम, मनोज रैकवार, दीपक कुमार, सरताज हुसैन, गोलू मैना, सुरेश धूरिया, पंकज गुप्ता सहित यूनियन के अनेक पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे। श्री गालव ने कहा कि वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन यूपीएस को ओपीएस से भी बेहतर बनाने तक संघर्ष करेगी। यह निरंतर सुधार कराने वाली प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि आठवे पे कमीशन के लिए जनवरी तक का वक्त सरकार को दिया है। श्री गालव यहां संगठनों के मान्यता चुनावों को लेकर रेलवे कर्मचारियों से मिलने के लिए आए हुए थे। उन्होंने कहा कि यूनियन केवल चुनाव के समय नहीं बल्कि सालभर काम करने वाला संगठन है, हम 365 दिन हमारे कर्मचारियों के लिए काम करते हैं। रेलवे संगठनों के मान्यता संबंधी चुनाव 4,5 दिसंबर को हैं। 6 दिसंबर की तारीख रनिंग स्टाफ के लिए है, जो अक्सर लाइन पर बाहर जाते रहते हैं, ताकि वे भी मतदान कर सकें। पश्चिम मध्य रेलवे के 52 हजार मतदाता इसमें मतदान करेंगे। जो भी संगठन 35 प्रतिशत वोट हासिल करेगा, उसे ही मान्यता मिलेगी। इस चुनाव में पांच यूनियनों के मध्य मान्यता को लेकर मुकाबला हो रहा है।




**ईसीसी को हम लीड नहीं करते** – पिछले दिनों वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के नेताओं द्वारा यूनियन पर व्यापार करने और ईसीसी में मनमानी करने संबंधी आरोपों पर जब मुकेश गालव से सवाल किया तो उन्होंने कहा कि हम सोसायटी को लीड नहीं करते, यह सेंट्रल रेलवे की संस्था है। हमारे केवल दो डेलीगेट उसमें जाते हैं। उस पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं है। इस मामले में रेलवे कर्मचारियों को बेवजह भ्रमित किया जा रहा है।

### रेलकर्मियों से मिले गालव

मान्यता के चुनाव को लेकर आज वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के महामंत्री मुकेश गालव ने इटारसी का दौरा किया। उन्होंने सर्वप्रथम एसी शेड में द्वारसभा को संबोधित किया और कर्मचारियों के बीच एआईआरएफ द्वारा कर्मचारी हित में किये गये कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने एनपीएस, यूपीएस के बारे में विस्तार से बताया और उदाहरण प्रस्तुत कर वर्तमान में रिटायर हुए कर्मचारी की एनपीएस की पेंशन एवं उसके द्वारा प्राप्त होने वाली यूपीएस के अंतर्गत पेंशन को बताया। उस वक्त रिटायर कर्मचारी स्वयं मौजूद थे। श्री गालव ने सीपीडब्ल्यूआई आफिस में बड़ी संख्या में ट्रैकमेन कर्मचारियों को संबोधित किया तथा कहा कि यूनियन कर्मचारियों की हितैषी निष्पक्ष है, किसी राजनीतिक दल की पिछलग्गू नहीं है। उन्होंने यूनियन के सौ वर्षों के संघर्ष को बताया। बानापुरा और डीजल शेड में श्री गालव ने कर्मचारियों से संपर्क किया।



# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम मे मानसिक स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम में निरूद्ध बंदियों हेतु जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम द्वारा एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। अधीक्षक केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम ने बताया कि आयोजित शिविर में जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम से सुश्री नाजिया सिद्धिकी (क्लीनिकल सॉयक्लोजिस्ट), श्रीमती गीता चौधरी नर्सिंग ऑफिसर द्वारा अवसाद एवं मानसिक रोग से पीडित जेल में निरूद्ध 31 पुरूष बंदी एवं 12 महिला बंदियों का परीक्षण किया गया एवं परामर्श दिया गया। शिविर के दौरान जेल अधीक्षक श्री सतोष सोलंकी, उप अधीक्षक श्री प्रहलाद सिंह बरकडे, अष्टकोण अधिकारी श्री हितेश बंडिया, मेलनर्स श्रीमती इंदुराज साहु एवं जेल स्टाफ उपस्थित रहे।

### बाल विवाह निषेध जागरूकता एवं बाल विवाह मुक्त हेतु शपथ का हुआ आयोजन



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, नर्मदापुरम ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अंतर्गत बुधवार को शासकीय गृह विज्ञान कन्या स्नाकोत्तर माहविद्यालय नर्मदापुरम में बाल विवाह निषेध कानून के प्रति जागरूकता एवं बाल विवाह मुक्त भारत की प्रतिज्ञा हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर नर्मदापुरम डॉ. बबीता राठौर, प्राचार्य शासकीय गृह विज्ञान कन्या स्नाकोत्तर माहविद्यालय नर्मदापुरम श्रीमती कामिनी जैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ललित कुमार डेहरिया, सहायक संचालक व्ही.पी. गौर, परियोजना अधिकारी श्रीमती प्रीति यादव, परियोजना अधिकारी प्रमोद गौर, पुलिस विभाग के पदाधिकारी, महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्रायें उपस्थित रही। उपस्थित अधिकारियों ने बालिकाओं को हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित गतिविधियों की जानकारी देते हुये बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानून का उल्लंघन है, जो बालिका की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं विकास में बाधा है तथा उनके सपनों को साकार होने से रोकता है। डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को बाल विवाह मुक्त भारत हेतु बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई।

### लोकायुक्त ने जारी किया रिश्वतखोरी की शिकायत करने फोन नंबर

**इटारसी, देशबन्धु।** यदि आपसे किसी भी काम के लिए रिश्वत मांगी जाए तो उसकी शिकायत करना और भी आसान हो गया है। पहली बार लोकायुक्त ने शिकायत के लिए टेलीफोन नंबर जारी किया है। मप्र लोकायुक्त पुलिस ने इन नंबरों पर शिकायत सुनने और सही सलाह देने के लिए एक विशेष टीम भी गठित की है। यदि आपसे किसी सरकारी दफ्तर में किसी काम के लिए रिश्वत मांगी जा रही है तो आप टेलीफोन और मोबाइल नंबर पर इसकी शिकायत कर सकते हैं। शिकायत के लिए लोकायुक्त ने टेलीफोन नंबर 055-2540889 और मोबाइल नंबर 9407293446 जारी किया है।

### इस साल नवमतदाता बनने की अंतिम तिथि आज



**इटारसी, देशबन्धु।** ऑनलाईन सुविधा का प्रयोग तो युवा आज अधिकांश कामों में कर रहे ही हैं तो क्या ऑनलाइन प्रक्रिया का उपयोग आपने प्रजातंत्र में अपनी भागीदारी के लिये मतदाता बनने के लिये भी किया है? ये संदेश स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने 18 साल के होने जा रहे युवाओं को मतदाता बनने के लिये प्रेरित करते हुये किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह तथा कमिश्नर तथा एवं रोल ऑब्जर्वर केजी तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित स्वीप कार्यक्रम में सारिका ने कहा कि अब कुछ ही घंटे शेष रह गये हैं। बीएलओ द्वारा दावे-आपत्तियां 28 नवम्बर तक सभी मतदान केन्द्रों पर प्राप्त की जा रही हैं। यहां बीएलओ से संपर्क करके ऑफलाइन अथवा ऑनलाइन आवेदन बेवासाईट के माध्यम से किया जा सकता है। निर्वाचन हेल्पलाइन के टोल फ्री नम्बर 1950 पर जानकारी ली जा सकती है। तो बिना देर करे भरें देश का फार्म और निभायें लोकतंत्र में अपनी जिम्मेदारी। याद रखें युवा मतदाता ही देश का हैं भविष्य।

# अवैध शराब बिक्री- भंडारण तथा अवैध खनिज उत्खनन पर प्रभावशील कार्रवाई सुनिश्चित करें : संभागायुक्त

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम संभागायुक्त के.जी. तिवारी ने बुधवार को विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। संभागायुक्त ने प्रथम सत्र में खाद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, आबकारी विभाग, जिला परिवहन विभाग, जिला खनिज विभाग, जिला पंजीयन एवं स्टांप विभाग, वाणिज्य कर विभाग, नापतोल विभाग तथा द्वितीय सत्र में जिला पेंशन कार्यालय, स्कूल शिक्षा विभाग, अनुसूचित जाति जनजाति, अंत्य व्यवसायी विकास निगम, आदिवासी वित्त विकास निगम, उच्च शिक्षा विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तथा जनजातीय कार्य विभाग की योजनाओं मैं हुई प्रगति की समीक्षा की।

संभागायुक्त ने आबकारी विभाग की समीक्षा करते हुए सभी जिला आबकारी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जिले में अवैध शराब की बिक्री पर प्रभावशील कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। कहीं भी अवैध शराब का भंडारण या अवैध परिवहन होता पाया जाए तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाए। संभागायुक्त ने कहा कि नर्मदा नदी के किनारे एवं आसपास शराब की बिक्री ना हो। नर्मदापुरम ड्राई क्षेत्र है तो उसे ड्राई ही रहने दे। संभागायुक्त ने कहां की ड्राई क्षेत्र में जो गतिविधियां चल रही है उस पर जिला आबकारी अधिकारी लगातार एक्शन ले। खनिज विभाग की समीक्षा करते संभागायुक्त ने निर्देश दिए की सभी जिला खनिज अधिकारी खनिजों



के अवैध उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई करें। जिला खनिज अधिकारी रेत के ओवरलोड डंपरों पर भी प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें और फील्ड में लगातार सक्रिय रहे। संभागायुक्त ने सभी जिला परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के ड्राइविंग लाइसेंस प्राथमिकता से बनाना सुनिश्चित करें। इसके लिए परीक्षाओं से पूर्व ही महाविद्यालय में कैंप लगाकर ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाएं। संभागायुक्त ने कहा कि ओवरलोड यात्री एवं स्कूली बसों पर भी प्रभावी कार्रवाई की जाए।

वाणिज्य कर विभाग की समीक्षा करते हुए संभागायुक्त ने निर्देश दिए की सभी सर्कल में वाणिज्य कर विभाग कैंप लगाकर छोटे दुकानदारों को कर देने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जो बड़े व्यापारी टैक्स नहीं दे रहे हैं उनकी भी एक वर्कशाप आयोजित कर उन्हें टैक्स देने के लिए समझाएं दी जाए। उन्होंने सभी वाणिज्य कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह फील्ड में जाकर दुकान दारों से भी संपर्क करें और उन्हें टैक्स देने के लिए प्रेरित करें। बताया गया कि इस वर्ष सभी सर्कल में राजस्व ग्रोथ 2त्न बढ़ी है। रिकवरी भी नियमित रूप से हो रही है।

संभागायुक्त ने बैठक में जिला आपूर्ति नियंत्रक अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह राशन आपके ग्राम वितरण योजना की सतत मॉनिटरिंग करें। जिन गांवों में राशन की गाड़ी नहीं पहुंच पा रही हैं। वहां पर की गई वैकल्पिक व्यवस्था का भी जायजा लेते रहें। पहुंच विहीन गांव में राशन देने की स्थाई व्यवस्था बनाएं और इसका एक निश्चित उपाय करके गांव में राशन पहुंचना सुनिश्चित करें। संभागायुक्त ने उज्वला योजना की भी समीक्षा की। बताया गया कि पोर्टल बंद होने के कारण नए आवेदन नहीं लिए जा रहे हैं।

बैठक में जिला पंजीयन ने संभाग आयुक्त को बताया कि इस माह 1615 रजिस्ट्री हुई है तथा अप्रैल माह से अब तक 10,772 रजिस्ट्री की गई है। संभागायुक्त ने जिला नापतोल विभाग की समीक्षा की। नापतोल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष पूरे नर्मदापुरम संभाग का एक करोड़ 26 लाख रुपए का राजस्व लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। संभागायुक्त ने नापतोल अधिकारियों को निर्देश दिए की कर्मचारी या अधिकारियों की लापरवाही से कोई भी नापतोल के प्रकरण ज्यादा समय तक लंबित न रहे। जो भी प्रकरण बनाए जाते हैं उनका शीघ्र ही निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि नापतोल विभाग ग्राहकों को जागरूक करने के लिए जो शिविर आयोजित करते हैं उस शिविर का पर्याप्त प्रचार प्रसार भी किया जाए। ताकि आम जनता को भी अपनी ग्राहक अधिकार पता चल सके।

स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए संभागायुक्त ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग अपने कर्मचारी या शिक्षकों की विभागीय जांच को अनावश्यक रूप से लंबे समय तक ना खींचे। बल्कि समय सीमा में जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। संभागायुक्त ने समेकित छात्रवृत्ति, पाठ्यपुस्तक वितरण, साइकिल वितरण योजना की समीक्षा की। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण ने बताया कि पाठ्य पुस्तक का वितरण लगभग पूर्ण कर लिया गया है। साइकिल वितरण करने से पूर्व सभी पात्र विद्यार्थियों का वेरिफिकेशन भी कर लिया गया है। शीघ्र ही साइकिलों का वितरण कर दिया जाएगा। संभागायुक्त ने निर्देश दिए की समयमान वेतनमान सभी विभागों में पात्र कर्मचारियों को प्राथमिकता से दिया गया है। लेकिन अभी भी यह सुनने में आ रहा है कि कुछ संकुल प्राचार्य की वजह से शिक्षकों को समय मान वेतनमान का भुगतान नहीं हो पा रहा है। संभागायुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए संयुक्त संचालक लोक शिक्षण को निर्देश दिए कि वह सभी संकुल प्राचार्य की बैठक लेकर उन्हें निर्देश दें कि समय मान वेतनमान का भुगतान भी प्राचार्य गण प्राथमिकता से करना सुनिश्चित करें। संभागायुक्त ने कहा कि यदि संकुल प्राचार्य इस काम में लापरवाही बरत रहे हैं तो ऐसे संकुल प्राचार्य के विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव उन्हें प्रेषित किया जाए। समीक्षा बैठक में उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल, संयुक्त आयुक्त विकास जी सी दोहर सहित संभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय तकनीकी समूह की बैठक संपन्न

## रबी एवं गन्ना फसल के लिए अल्पवधि कर्ज वितरण की अवधि निर्धारित की

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, होशंगाबाद में कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में बुधवार 27 नवम्?बर को जिला स्तरीय तकनीकी समूह (डीएलटीसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में खरीफ 2025 एवं रबी 2025-26 के लिये ऋण अदायगी क्षमता का निर्धारण, फसलवार नगद एवं वस्तुरूप ऋण मान की राशि प्रति हेक्टेयर निर्धारण करने तथा फल-सब्जियों के नगद एवं वस्तुरूप ऋण मान निर्धारण किया गया। जिला बैंक हेतु अल्पवधि कर्ज वितरण की अवधि खरीफ फसल के लिये नगद एवं वस्तुरूप ऋण के लिये 1 अप्रैल से 30 सितम्बर तथा रबी फसल के लिये नगद एवं वस्तुरूप ऋण के लिये 1 अक्टूबर से 31 मार्च निर्धारित तथा गन्ना



के लिये 1 सितम्बर 30 जून निर्धारित की गई। अल्पवधि ऋण की अदायगी 25-2026 के लिये खरीफ फसल की सदस्य द्वारा संस्था को 28 मार्च एवं संस्था द्वारा बैंक को 31 मार्च तथा रबी फसल हेतु सदस्य द्वारा संस्था को 15 जून एंव संस्था द्वारा बैंक को 30 जून तथा गन्ना की अंतिम तिथि ऋण वितरण दिनांक से 12 माह से अधिक नही होगी।

बैठक में कृषको को वर्ष 2025-26 के लिये पशुपालन एंव मत्स्य व्यवस्य हेतु कुल लागत उत्पादन क्षमता के आधार पर साख सीमा निर्धारित करने एवं लाख, मधुमक्खी पालन एवं शहतूत की खेती सहित रेशम कीट पालन एवं मधुमक्खी पालन कृषि संबद्ध गतिविधियों हेतु कृषि ऋण के लिये स्केल ऑफ फाईनेंस निर्धारित किये गये। बैठक में उपायुक्त सहकारिता जिला नर्मदापुरम् शिवम् मिश्रा, बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एंव सचिव विनय प्रकाश सिंह, फील्ड ऑफिसर रेशम विभाग जिला नर्मदापुरम आर.एस. पचवारिया, उप संचालक पशु स्वास्थ्य सेवायें डॉ. शैलेन्द्र नेमा, प्रमुख जिला प्रबंधक आर.डी. वघेले, मत्स्य पालन वीरेन्द्र चौहान, उप संचालक कृषि जिला नर्मदापुरम जे.आर. हेडायु, एडीए राजीव यादव, उद्यानिकी विभाग आरके साध एवं फील्ड कक्षाधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, होशंगाबाद अमित जैन उपस्थित रहे।

## रीज़नल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन 7 दिसम्बर को

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मप्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग , मध्यप्रदेश शासन द्वारा बताया गया कि रीज़नल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन 07 दिसम्बर को प्रात 9.30 से सायं 6,30 बजे तक डिवीज़नल आईटीआई परिसर, इटारसी रोड, नर्मदापुरम में किया जा रहा है, कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जाएगा। जिसमें मध्य प्रदेश के औद्योगिक प्रोत्साहन एवं उन्नति से जुड़ी गतिविधियाँ, बायर-सेलर मीट एवं औद्योगिक प्रदर्शनी आदि गतिविधियां की जाएंगी। बताया गया कि कॉन्क्लेव में उपस्थित आगंतुक, उद्योग से जुड़े नए अवसरों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इक्छुक आगंतुक कॉन्क्लेव में सम्मिलित होने हेतु अपना पंजीकरण लिंक पर 28 नवंबर तक करवा सकते हैं।

# 3 दिसम्बर को मनाया जाएगा विश्व दिव्यांग दिवस

## ● विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं होंगी

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के निर्देशानुसार 3 दिसम्बर को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। तत्संबंध में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने सभी संबंधित अधिकारियों को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर दिव्यांगजनों के सामर्थ्य प्रदर्शन के लिए खेलकूद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, स्वास्थ्य शिविर एवं नशामुक्त भारत अभियान के क्रियान्वय हेतु नशामुक्ति की शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री मीना के निर्देशानुसार विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर स्थानीय शासकीय एस.एन.जी. स्कूल में प्रात 11 बजे से दिव्यांग छात्र-छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। खेलकूद प्रतियोगिता में चम्मच दौड, रंगोली, कुर्सी दौड, क्ले एवं बैलून इत्यादि प्रतियोगिता मूकबाधिर, दृष्टिबाधित, अस्थिवाधित दिव्यांगजनों की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विश्व दिव्यांग दिवस पर रंगोली, चित्रकलां एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर सुश्री मीना ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विश्व दिव्यांग दिवस पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सामर्थ्य प्रदर्शन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की सूची 1 दिसम्बर तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर दिव्यांगजों के प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड एवं चिकित्सा सुविधा कार्यक्रम स्थल पर ही उपलब्ध कराई जाए। आयोजित कार्यक्रम की प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले दिव्यांग बच्चों को प्रतियोगितावार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरूस्कार हेतु चयनित कर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। कलेक्टर सुश्री मीना ने कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों एवं अभिभावकों के मान से गुणवत्ता पूर्ण भोजन, पानी की पर्याप्त व्यवस्था, बिच्चों को निर्धारित समय पर कार्यक्रम स्थल पर लाने एवं ले जाने की संपूर्ण व्यवस्था आदि करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# ऋण वितरण एंव ऋण वसूली की बैठक संपन्न

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, होशंगाबाद में सुश्री सोनिया मीना कलेक्टर एंव बैंक प्रशासक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, होशंगाबाद की अध्यक्षता में बुधवार को ऋण वितरण एवं ऋण वसूली की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर एवं प्रशासक के द्वारा ऋण वितरण एंव वसूली



लक्ष्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर एवं प्रशासक ने समीक्षा के दौरान बैंक की वसूली गत वर्ष से इसी दिनांक पर कम होने से नाजरागी व्यक्त करते हुये शक्ति से वसूली करने के निर्देश दिये गये। साथ वसूली में राजस्व अधिकारियों एवं तहसीलदार से संपर्क कर दायर आरआरसी प्रकरणों में उनका सहयोग लिये जाने के भी निर्देश दिये। बैठक में ऋण वसूली एवं ऋण वितरण की प्रबंध संचालक, म.प्र. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, भोपाल एवं बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा भी समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उनके द्वारा बैंक की वसूली गत वर्ष से कम होने पर कालातीत सदस्यों के विरूद्ध शक्ति से वसूली करने, शाखा प्रबंधक / समिति प्रबंधकों को 15 दिन के मान से ऋण वसूली एवं ऋण वितरण के लक्ष्य निर्धारण करने, कालातीत सदस्यों के धारा 84 में अवार्ड दायर करने, 50 प्रतिशत से जिन समितियों की वसूली कम है। उन कर्मचारियों को नोटिस जारी करने, शाखा प्रबंधकों को प्रत्येक सप्ताह दिन शुक्रवार को समिति प्रबंधकों की शाखा में अनिवार्य रूप से बैठक रखने तथा उक्त बैठक में केशबुक, जनरल लेजर, ऋण वसूली ऋण वितरण धारा 84 में कितने प्रकरण दायर हुये या नहीं हुये, शाखा/समितियों में पदस्थ अधिकारी/कर्मचारियों को व्यक्तिगत अमानत के लक्ष्य निर्धारित करने, अमानत लक्ष्यों की पूर्ति करने, अमानतदारों के खाते खोलने, राशि रु.20.00 लाख से अधिक जो प्रकरण एनपीए की श्रेणी के है। उनमें समझौता करने, भू-अभिलेख पोर्टल में कालातीत की एंट्री है अथवा नही की समीक्षा करने तथा जिला बैंक द्वारा शाखा / समितियों को कालातीत सदस्यों की डीएमआर की जो सूची दी गई है। उसकी शतप्रतिशत वसूली करने एवं प्रत्येक सप्ताह वसूली की समीक्षा करने के निर्देश दिये। कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी/अधिकारियों के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज कुमार गुप्ता, श्री के.टी. सज्जन सहायक प्रबंधक, श्री करूण यादव उप प्रबंधक, श्री शिवम् मिश्रा उप आयुक्त सहकारिता जिला नर्मदापुरम्, बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विनय प्रकाश सिंह एंव बैंक की शाखा सेमरीहरचंद, शोभापुर, मुख्य पिपरिया, शिवपुर एवं मुख्य शाखा हरदा के शाखा प्रबंधक, पर्यवेक्षक एवं समिति प्रबंधक उपस्थित रहे।

# सशक्त वाहिनी अभियान कक्षाओं का शुभारंभ

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत युवतियों, बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षा विशेषकर पुलिस भर्ती परीक्षा की निःशुल्क तैयारी हेतु मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु सशक्त वाहिनी अभियान की कक्षाओं का बुधवार को शासकीय गृह विज्ञान कन्या स्नाकोत्तर माहविद्यालय नर्मदापुरम में शुभारंभ किया गया।



कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर ने उपस्थित बालिकाओं को अभियान अंतर्गत प्रदाय किये जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु शुभकामनायें दी, साथ ही बालिकाओं को उक्त अभियान एवं स्वर्णिम अवसर का सदउपयोग करने की सलाह दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित कुमार डेहरिया द्वारा बालिकाओं को अभियान की रूपरेखा के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि सशक्त वाहिनी अभियान अन्तर्गत बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षा विशेषकर पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी कराकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है। इस हेतु विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतियोगी परीक्षा के सभी विषयों की तैयारी करायी जाएगी, साथ ही शारीरिक दक्षता का प्रशिक्षण पुलिस एवं होमगार्ड द्वारा प्रदाय किया जायेगा। प्रशिक्षण के सत्र में 82 बालिकायें पंजीकृत हुई है, जिन्हें 3 माह तक उक्त प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण प्रति दिवस महाविद्यालय में दोपहर 3 से 5 बजे तक आयेजित होगा। साथ ही उन्होंने बालिकाओं को पूर्ण समर्पण भाव से लगन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने की सलाह दी, जिससे उनके स्वर्णिम एवं सुरक्षित भविष्य का निर्माण हो सके।

परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम ग्रामीण प्रमोद गौर द्वारा उपस्थित बालिकाओं को जानकारी देते हुये बताया कि परीक्षा में सफल होने का मूलमंत्र आपका कार्य के प्रति समर्णण भाव, एकाग्रता एवं लगन है। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की सहायता हेतु पूर्ण आश्वासन प्रदान किया। प्रशिक्षण में उपस्थित समस्त अभ्यर्थी छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण किट का वितरण भी किया गया। मंच संचालन श्रीमती रश्मि वर्मा सहायक निर्देशिका आंगनवाड़ी प्रशिक्षण केन्द्र एवं कार्यक्रम में विशेष समन्वय एवं सहयोग श्रीमती हर्षा चचाने प्राध्यापक द्वारा प्रदान किया गया।

# ट्रेन में लूट करने वाले बदमाश से 9 लाख  पये का माल जब्त

**इटारसी, देशबन्धु।** जीआरपी ने ट्रेन में एक महिला से चाकू की नोंक पर सोने की चेन लूटने के आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ



की तो चार अन्य मामलों में सफलता मिली और जीआरपी ने उससे कुल 9 लाख 10 हजार रुपए का माल जब्त किया है। गौरतलब है कि बदमाश विकास पटेल, निवासी जिला सिंगरौली अधिकांश रात में घटनाओं को अंजाम देता था और स्लीपर और जनरल कोचों में वारदात करता था। वह यात्रियों को डराने एवं धमकाने के लिए जेब में धारदार चाकू रखता था। उसने इटारसी जीआरपी अंतर्गत 12 नवंबर को पाटलीपुत्र एक्सप्रेस में राकेश कुमार प्रसाद निवासी मुंबई से ट्रेन के कोच एस/7 बर्थ नंबर 33 पर फरियादी पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से एलटीटी की यात्रा के दौरान चाकू मारकर अपराध किया था। आरोपी विकास पटेल को न्यायालय से 07 दिवस का पुलिस रिमांड प्राप्त किया था। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी ने पृथक-पृथक दिनांकों में पृथक-पृथक फरियादियों के साथ आरोपी द्वारा घटना करना कबूल किया। आरोपी द्वारा पूर्व मे कारित किए गए अपराधो मे पुलिस को जेवरातों एवं मोबाइलों को आरोपी से बरामद करने में सफलता मिली है। आरोपी के हाल निवास किराये के मकान मंडीदीप से ट्रेनों एवं प्लेटफार्म में चोरी किए अन्य जब्त करीब एक दर्जन मोबाइल, लैपटॉप, जेवर सहित लगभग 09 लाख 15 हजार रुपये का माल जब्त किया है। इस मामले में सराहनीय भूमिका थाना जीआरपी थाना इटारसी से निरीक्षक रामस्नेह चौहान, उपनिरीक्षक श्रीलाल पडरिया, आरएस बकोरिया, प्रधान आरक्षक कृष्णकुमार, हरिओम, आरक्षक अंकित, विष्णुमूर्ति, अमित की सराहनीय भूमिका रही।

# पैक्स, डेयरी और मछली सोसायटियों के गठन को लेकर अहम निर्णय

## ग्राम पंचायतों में होगी नई सोसायटियां गठित

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित जिला सहकारी विकास कमेटी (डीसीडीसी) की बैठक में जिले की समस्त पंचायतों में पैक्स (पैक्स), डेयरी और मछली सोसायटियों के गठन के संबंध में निर्णय लिया गया।



बैठक में बताया गया कि जिले की कुल 427 ग्राम पंचायतों में से 225 पंचायतों में वर्तमान में पैक्स, डेयरी या मछली सोसायटी का गठन नहीं किया गया है। कलेक्टर ने इन पंचायतों में आगामी पांच वर्षों में उक्त सोसायतियों के गठन के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इन सोसायतियों को बहुउद्देशीय रूप में स्थापित किया जाएगा, जिसमें किसानों से संबंधित सभी कार्य जैसे खाद-बीज वितरण, ऋण वितरण, दुग्ध संकलन और मत्स्य पालन कार्य किए जाएंगे। इससे किसानों को अपने गांवों में ही आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। बैठक में उप आयुक्त सहकारिता ने जानकारी दी कि जिले के बाबई, सोहागपुर, पिपरिया और इटारसी में 21 डेयरी समितियों के गठन हेतु भोपाल दुग्ध संघ द्वारा पंचायतों का चयन कर लिया गया है। आगामी महीने के अंत तक 5 सोसायटियों का गठन पूरा कर लिया जाएगा।

कलेक्टर ने उप आयुक्त सहकारिता और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक को निर्देशित किया कि जिले में पैक्स समितियों के गठन की प्रक्रिया को तेज किया जाए। उन पंचायतों का चयन किया जाए जहां पैक्स समितियां नहीं हैं और वहां शीघ्र गठन की कार्रवाई की जाए। साथ ही सहायक संचालक मत्स्य पालन को भी निर्देशित किया गया कि उन पंचायतों में मछली सोसायटियों का गठन किया जाए जहां अभी तक ऐसी कोई सोसायटी स्थापित नहीं हुई है। कलेक्टर ने बैठक में यह भी निर्देशित किया कि अकार्यशील और परिसमापन की स्थिति में पड़ी सहकारी समितियों को पुनः कार्यशील बनाने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने सहकारी सोसायटियों को आपसी सहयोग और सामूहिक प्रयास से व्यवसाय वृद्धि करने का भी सुझाव दिया। बैठक में उप आयुक्त सहकारिता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, उप संचालक पशु चिकित्सा, सहायक संचालक मत्स्य पालन, सहायक संचालक किसान कल्याण और कृषि विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

नर्मदापुरम, गुरूवार 28 नवम्बर 2024
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# सम्भल : शांति बहाल हो

साम्प्रदायिक हिंसा में जल रहे उत्तर प्रदेश के सम्भल में जहां एक ओर नागरिक मिल-जुलकर शांति की राह ढूंढ रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी की सरकार अब भी कठोर रूख अपनाये हुए है। उसने तय किया है कि कथित दंगाइयों के पोस्टर शहर के चौक-चौराहों पर लगेंगे। हिंसा, आगजनी, पत्थरबाजी आदि की घटनाओं के बीच यहां न केवल कर्फ्यू लगाया गया बल्कि पुलिस की फायरिंग में 5 लोगों की मौतें भी हुई हैं। ये सभी अल्पसंख्यक समुदाय के हैं। इंटरनेट बन्द है। हिंसा को रोकने के प्रति यदि सरकार वास्तव में संजीदा है तो उसे सर्वप्रथम नेटबन्दी हटानी चाहिये और शांति बहाली के प्रयासों को प्रोत्साहन देना चाहिये। हालांकि इसकी गुंजाइश कम ही है क्योंकि ऐसी घटनाएं भाजपा के ध्रुवीकरण के एजेंडे को आगे बढ़ाती हैं। आशंका है कि सम्भल की तर्ज़ पर फायदा लेने के लिये भाजपा नये शहरों को निशाना न बनाने लगे।

अभी खत्म हुए राज्य के विधानसभा उपचुनाव के नतीजों में 9 में 7 सीटें जीतकर भाजपा के हौसले बुलन्द हैं। लोकसभा में जिस प्रकार वहां कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के गठबन्धन ने उसे पटकनी दी थी, उसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुरझाये हुए थे। इस घटना से वे जोश में लौटे हुए दिखते हैं। वैसे यहां अगले विधानसभा चुनाव में तकरीबन सवा दो वर्षों की देर है लेकिन उत्तर प्रदेश इतना बड़ा राज्य है और उस पर धीरे-धीरे जिस तरह से सपा-कांग्रेस प्रभाव डाल रहे हैं, उससे योगी को ध्रुवीकरण का माहौल पूरे राज्य में बनाने के लिये इतना समय तो चाहिये ही होगा। बहुत से शहरों को सम्भल बनाये बिना भाजपा की वहां वापसी सम्भव नहीं होगी। फिर, लोकसभा चुनाव के नतीजों ने योगी को जिस प्रकार से नरेन्द्र मोदी के पीछे कर दिया है, तो उन्हें वापस रेस में आने के लिये कुछ बड़े प्रयोग करने ही पड़ेंगे जो सम्भल जैसे होने चाहिये। अब यह सपा और अन्य विरोधी दलों का फ़र्ज़ है कि वे सम्भल में शांति प्रयासों के लिये तो सक्रिय हों ही, दंगों में पीड़ित लोगों के साथ जाकर बैठें और वहां राहत और मदद प्रदान कर अपना विरोधी दल होने का दायित्व निभायें।

उप्र के शहरों को सम्भल बनाने की आशंका अब अधिक बलवती हो गयी है क्योंकि वहां की शाही मस्जिद का सर्वे कराने की मांग को लेकर जिस प्रकार से दंगा फैला है वही फार्मूला अब राज्य भर में आजमाया जा सकता है। उधर वक्फ़ बोर्ड पर जो संयुक्त संसदीय समिति बिठाई गयी है, उसकी सिफारिशें यदि भाजपा की विचारधारा और मंशा के अनुकूल आती हैं तो, जिसके पूरे-पूरे अनुमान हैं, हर बड़े शहर से लेकर कस्बों तक की मस्जिदों की ज़मीनों को लेकर मुकदमेबाजी शुरू हो सकती है। कहना न होगा कि ये सिविल के मामले होंगे जो ज्यादातर कानून की बजाय बाहुबल एवं सरकारी प्रश्रय के जरिये निपटाये जायेंगे।

न्यायालय की इस मोड़ पर महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। थोड़ा पीछे जायें तो, सुप्रीम कोर्ट को उम्मीद थी कि बाबरी मस्जिद-रामजन्मभूमि को लेकर सुनाया गया फैसला देश भर में ऐसे सभी विवादों को खत्म कर देगा। हालांकि उस वक्त भी कई समझदारों ने चेताया था कि ऐसा नहीं होगा बल्कि अन्य मंदिरों के विवाद भी सतह पर आ जायेंगे या निर्मित किये जायेंगे। रामजन्मभूमि का मामला हल होने के पहले ही काशी और मथुरा की मस्जिदों की बातें तो हो ही रही थीं, आशंका है कि कई शहरों की महत्वपूर्ण मस्जिदों को विवादग्रस्त बनाया जायेगा जो सियासी मकसद से ही होगा। सम्भल मस्जिद के पुरातात्विक सर्वे की मांग भी इसी राजनीतिक जाल का हिस्सा है। सम्भल को अगर न सम्हाला गया और इसमें सियासी जीत की गंध मिल गयी तो इस प्रयोग को अन्यत्र दोहराने में वक्त नहीं लगेगा; क्योंकि भाजपा को केवल उत्तर प्रदेश में सफलता नहीं चाहिये वरन सभी राज्यों में चाहिये होगी।

लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटों में गिरावट आने और उसकी सरकार के दो दलों पर आश्रित हो जाने के बाद उम्मीद थी कि भाजपा हिन्दू-मुस्लिम एजेंडा को छोड़कर वास्तविक मुद्दों पर उतर आयेगी लेकिन अब अल्पसंख्यकों के खैरख्वाह माने जाने वाली दोनों पार्टियों ने, जिनके समर्थन पर मोदी सरकार टिकी हुई है, जिस प्रकार से चुप्पी साध रखी है, उससे स्पष्ट है कि मोदी और भाजपा की राह फिर से आसान बन गयी है।

आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री तथा वहां की तेलुगु देसम पार्टी के चीफ चंद्रबाबू नायडू और बिहार के सीएम तथा जनता दल यूनाइटेड के सुप्रीमो नीतिश कुमार, जिस तरह से मोदी ने दोनों को साधे रखा है, नायडू-नीतीश ने सम्भल सहित ऐसे तमाम मुद्दों पर बोलना छोड़ दिया है। इसलिये इसी सोमवार से प्रारम्भ हुए संसद के सत्र में मोदी का रौब-दाब फिर से दिखने लगा है जो मौजूदा लोकसभा के शुरुआती सत्र में गायब हो चुका था।

इस बीच जमीयत उलेमा-ए-हिंद के वकील ने सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार से दरख्वास्त की है कि 1991 के प्लेसेज़ ऑफ़ वर्शिप एक्ट के अंतर्गत धार्मिक स्थलों के सर्वेक्षणों पर तत्काल रोक लगाई जाये। इस अधिनियम के तहत 1947 वाली स्थिति को बनाये रखने का प्रावधान है- रामजन्मभूमि को छोड़कर। शीर्ष न्यायालय जो भी करेगा, वह बहुत महत्वपूर्ण होगा।

# इंडिया को नेक्स्ट लेवल पर जाकर खेलना होगा

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

किसी भी क्षेत्र में सफलता पाने के लिए अपनी योग्यता के स्तर को बढ़ाने की जरूरत होती है, यह बात हर कोई जानता है। इन दिनों जितने भी स्मार्ट कहे जाने वाले उपकरण हम इस्तेमाल करते हैं, सब समय-समय पर अपग्रेड करने पड़ते हैं, वर्ना उनकी प्रभावोत्पादकता कम होने लगती है और जल्द ही वे बेकार हो जाते हैं। जिन लोगों को वीडियो गेम्स खेलने का शौक हैं, उन्हें पता है कि गेम में जीतने के लिए नेक्स्ट लेवल पर जाना पड़ता है और हर लेवल यानी स्तर पर बाधाएं पहले से अधिक बढ़ती हैं, जो कदम-कदम पर उलझाती हैं। खिलाड़ी का मनोबल और रुचि बरकरार रखने के लिए लाइफ-लाइन हासिल करने जैसी सुविधाएं खेल बनाने वाला दे देता है, लेकिन केवल इससे जीता नहीं जा सकता। जीत तभी मिलती है, जब खिलाड़ी का ध्यान बिल्कुल न हटे, गलती करने की कोई गुंजाइश वह न छोड़े, अपनी सभी लाइफ-लाइन्स का सोच समझकर इस्तेमाल करे और सूझ-बूझ से सभी बाधाओं को पार करे। देश में इस समय सियासत को मैदान बनाकर सत्ता तक पहुंचने के लिए जो खेल खेले जा रहे हैं, उसमें जीत हासिल करने के लिए कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी जैसे नेताओं को अब नेक्स्ट लेवल पर जाकर खेलने की जरूरत है, वर्ना वे प्रारंभिक सफलताओं में ही मगन होते रहेंगे और उधर भाजपा जिस मकसद से सत्ता में आई है, उसे पूरा होने में वक्त नहीं लगेगा।

देश के इतिहास से वाकिफ लोग जानते हैं कि आजादी के आंदोलन में भाजपा के पूर्वजों यानी संघ परिवार का राई रत्ती भर योगदान भी नहीं रहा। बल्कि हिंदुत्व का झंडा बुलंद करने के उन्माद में संघ के लोगों ने अंग्रेजों के साथ मिलकर आजादी के लिए लड़ने वालों के खिलाफ काम भी किया। जब आजादी मिली तो एक साल के भीतर ही गांधीजी की हत्या कर दी गई, क्योंकि वे देश में सांप्रदायिक नफरत फैलाने वालों के सामने सबसे बड़ी बाधा बन चुके थे। हिंदू धर्म के अनुयायी बापू की बात पूरे देश की जनता सुनती थी और मानती थी। मुसलमानों, ईसाइयों, सिखों, आदिवासियों, दलितों तमाम तबकों के बीच गांधी को मानने वाले भी थे और अगर वे उनकी किसी बात पर सहमत नहीं होते थे तो खुलकर अपना विरोध भी प्रकट करते थे। गांधीजी की इस ताकत से जिन लोगों को अपने मकसद के लिए खतरा महसूस हुआ, उनमें से एक नाथूराम गोडसे ने उनकी हत्या ही कर दी। गांधीजी के जीवनकाल में ही संविधान बनाने का काम डा. अंबेडकर के नेतृत्व में शुरु हो चुका था और उनकी मौत के बाद संविधान लागू हो भी गया। लेकिन तब भी इसका विरोध करने वाले संघ के ही लोग थे।

आज उसी संघ की शाखाओं से निकले लोग और संघ की प्रेरणा से गठित भारतीय जनता पार्टी सत्ता में है, और संविधान दिवस मनाने का प्रहसन पूरे सरकारी तामझाम के साथ रचा जा रहा है। भाजपा ने पहले आजादी के महानायकों पर कब्जा जमाने की कोशिश की, गुजरात में सरदार पटेल की बनी विशाल मूर्ति इसका प्रमाण है, और अब वह संविधान पर अपना मालिकाना हक साबित करने में लगी है। इसका उदाहरण संसद में 26 नवंबर को नजर आया, जब भाजपा के साथी जदयू सांसद ललन सिंह ने कहा कि कांग्रेस का संविधान से क्या लेना-देना है, उसने तो देश में आपातकाल लगाया था। इस तरह के बयानों से भाजपा के मकसद खुलकर जाहिर हो जाते हैं। क्योंकि 50 साल पहले के फैसले का जिक्र तो एनडीए के नेता कर रहे हैं, लेकिन मौजूदा हालात पर संसद में चर्चा नहीं होने देते। पिछले साल मणिपुर का मामला संसद में बार-बार उठा और हर बार सरकार चुप रही, सदन को स्थगित कराने या सांसदों को निलंबित करने में उसका जोर रहा। इस बार गौतम अडानी पर लगे आरोप, संभल की हिंसा जैसे मामलों पर विपक्ष चर्चा करना चाहता है, तो सदनों को स्थगित करने का सिलसिला फिर शुरु हो गया है।

देश के इतिहास से वाकिफ लोग जानते हैं कि आजादी के आंदोलन में भाजपा के पूर्वजों यानी संघ परिवार का राई रत्ती भर योगदान भी नहीं रहा। बल्कि हिंदुत्व का झंडा बुलंद करने के उन्माद में संघ के लोगों ने अंग्रेजों के साथ मिलकर आजादी के लिए लड़ने वालों के खिलाफ काम भी किया। जब आजादी मिली तो एक साल के भीतर ही गांधीजी की हत्या कर दी गई।

लोकतंत्र और संविधान बचाने के नाम पर भाजपा क्या खेल कर रही है और किन नियमों के साथ वह खेल रही है, यह दिन के उजाले में चीजों को देखने जैसा साफ हो चुका है। इसके बाद विपक्ष को तय करना है कि वह इस खेल को किस तरह से खत्म करे और जब वह मैदान में उतरे तो उसकी तैयारियां कैसी हों। उदाहरण के लिए बंटेंगे तो कटेंगे या एक हैं तो सेफ हैं, जैसे नारों के बारे में जनता को सावधान करने का काम विपक्ष कर सकता है। नरेन्द्र मोदी, आदित्यनाथ योगी जैसे नेता आगे भी इसी तरह के नारे देंगे, जो इनसे भी अधिक भड़काऊ हो सकते हैं। पहले कपड़ों से पहचानने, श्मशान-कब्रिस्तान, 80-20 जैसी तुलनाएं चुनावी मंचों से करके साफ-साफ हिंदुओं को मुसलमानों से अलग होने का आह्वान किया गया। अब रोटी, बेटी छीन लेंगे और बंटेगें तो कटेंगे तक बात पहुंचा दी गई है। यहां भाजपा से सवाल किया जाना चाहिए कि सबका साथ और सबका विकास की बातें आपने ही की, फिर 10 सालों में ऐसा क्यों हुआ कि आपको बांटने और काटने की बात करनी पड़ रही है। और कौन, किसको बांट रहा है, ये भी भाजपा समझा दे।

राहुल गांधी जिस जाति जनगणना और 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा बढ़ाने की बात कर रहे हैं, उसमें सबसे अधिक भला दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का होना है। क्योंकि इन्हीं को हिंदू धर्म के भीतर बंटवारा करके नीचे स्थान पर रखा गया। उन्हें पढ़ने, मनचाहा काम करने, मनचाही जीवनशैली अपनाने से वंचित किया गया। अगर कोई इसका उल्लंघन करे तो उसे दंडित किया गया। ऐसा नहीं है कि यह गुजरी सदी की बातें हैं। आज भी तो किसी दलित को मूंछ रखने या घोड़ी चढ़ने पर प्रताड़ित किया जाता है। आदिवासी के सिर पर पेशाब करने की घटना भाजपा के राज्य में ही घटी। तो फिर भाजपा किन लोगों को एक हैं तो सेफ हैं- का पाठ पढ़ाने निकली है। संभल में जो घटना घटी, उसमें साफ नजर आ रहा है कि जानबूझ कर एक नया विवाद खड़ा हुआ, जिसमें हिंसा हुई और पांच निर्दोषों की जान गई। क्या योगी सरकार ये बता पाएगी कि उसके रहते बांटने और काटने वाली घटना कैसे घटित हुई?

जाहिर है वह इस मामले में चुप रहेगी, लेकिन जैसा मैंने शुरु में कहा खेल जीतने के लिए नेक्स्ट लेवल पर जाने की जरूरत है, तो अब इंडिया गठबंधन के नेताओं को इसके लिए तैयार हो जाना चाहिए। इसमें सबसे पहले संविधान की प्रस्तावना के अनुरूप देश में माहौल बनाने पर काम करना होगा। धर्मनिरपेक्षता केवल भाषणों का हिस्सा न रहे, वह व्यवहार में भी नजर आए। इंडिया गठबंधन के कई नेता राहुल गांधी से लेकर अरविंद केजरीवाल तक समय-समय पर मंदिर जाते नजर आते हैं। बेशक अपनी धार्मिक आस्था के अनुरूप पूजा करना उनका हक है, लेकिन क्या यह जरूरी है कि इसका सार्वजनिक प्रदर्शन भी हो। इस मामले में नेहरूजी की मिसाल को दोहराने की जरूरत है। क्योंकि नर्म हिंदुत्व, उग्र हिंदुत्व की सियासत करने में संविधान की भावना उलझ गई है और इसका फायदा उठाकर भाजपा संभल जैसी घटनाओं को अंजाम दे रही है। अल्पसंख्यकों के हक की बात करने पर इसे तुष्टिकरण का नाम दिया जाता है, भाजपा की इस चालाकी से निपटने के लिए इंडिया के नेताओं को अब पूरी स्पष्टता के साथ जिन अल्पसंख्यक समुदायों पर अत्याचार होता है, उनका नाम लेना चाहिए। जैसे मुस्लिम समुदाय या ईसाई समुदाय कहना चाहिए, जो अल्पसंख्यकों में खास तौर पर प्रताड़ित किए जाते हैं। संसद में भी विपक्ष की आवाज को दबाने की तैयारी भाजपा की रहती है, नेताओं के भाषण से कई जरूरी बातें कार्रवाई से बाहर हो जाती हैं, लेकिन सूचना क्रांति के दौर में अपनी बात को जनता तक पहुंचाना अब कठिन नहीं रह गया है। अगर संसद में आपको बोलने नहीं दिया जा रहा, मीडिया में आपको अपमानित करने के लिए बुलाया जाता है, तो फिर सीधे जनता के बीच जाना ही रास्ता रह जाता है। राहुल गांधी ने दो यात्राएं निकाल ली हैं, तीसरा आंदोलन ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से मतदान की मांग को लेकर होगा, यह ऐलान श्री खड़गे कर ही चुके हैं, लेकिन अब बाकी क्षेत्रीय और राष्ट्रीय नेताओं को अपने-अपने राज्यों से बाहर निकल कर यही काम करना होगा। कल्पना सोरेन और प्रियंका गांधी इन दोनों नेताओं का जनता से जुड़ने का तरीका कारगर साबित हुआ है, इसे आगे और बढ़ाना होगा। भाजपा का मुकाबला करने और उसे मात देने के लिए अब खेल की रणनीतियों को नए सिरे से धार देनी होगी, तभी देश बचेगा।

# बांग्लादेश मीडिया डॉ. मोहम्मद यूनुस के भ्रमित विचारों के खिलाफ हो गया

■ आशीष विश्वास

ऐसा अक्सर नहीं होता कि किसी देश के नेता द्वारा विदेशी मीडिया को दिया गया साक्षात्कार देश में कोई बड़ा राजनीतिक विवाद पैदा कर दे। लेकिन हाल ही में कार्यवाहक बांग्लादेश प्रशासन के मुख्य सलाहकार डॉ. मोहम्मद यूनुस द्वारा दिये गये साक्षात्कार ने ऐसा ही किया है, जिससे उनके इरादों पर सवाल उठाते हुए एक नयी घरेलू बहस शुरू हो गई है।

डॉ. यूनुस को इसके लिए खुद को ही दोषी मानना चाहिए। मीडिया के साथ प्रत्येक बातचीत में भारत से संबंधित किसी भी प्रश्न या मुद्दे से निपटने में उनकी बेचैनी अधिक से अधिक स्पष्ट होती जाती है। इस बार भारत से प्रकाशित एक प्रमुख अंग्रेजी दैनिक के साक्षात्कारकर्ताओं के साथ प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान यूनुस ने दिल्ली से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद की बांग्लादेश वापसी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

मुख्य सलाहकार ने कहा कि उनकी पार्टी (अवामी लीग) के लंबे शासन के दौरान भ्रष्टाचार, हत्याओं और अन्य हमलों के कई आरोपों के मद्देनजर उन्हें बांग्लादेश में मुकदमे का सामना करना चाहिए। प्रमुख एएल नेताओं सहित कई गिरफ्तारियां पहले ही हो चुकी हैं, क्योंकि वर्तमान प्रशासन ने पीड़ित विपक्षी नेताओं और आम लोगों से कार्यवाहक सरकार को प्राप्त कई आरोपों की आधिकारिक जांच शुरू कर दी है।

वह 5 अगस्त को एक उग्र सशस्त्र भीड़ के हमले से बचने के लिए भारत आ गई थीं और यहीं शरण ले रही थी। लेकिन उन्होंने अपने निर्वासन से अपने राजनीतिक बयान जारी रखा। बांग्लादेशी टिप्पणीकारों के अनुसार, डॉ. यूनुस ने चेतावनी दी कि भारत द्वारा ढाका की उनके प्रत्यावर्तन की मांग को नजरंदाज करने की स्थिति में भारत-बांग्लादेश संबंधों पर असर पड़ सकता है।

हमेशा की तरह सतर्कबांग्लादेशी टिप्पणीकारों ने प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया दोनों में सार्वजनिक रूप से यूनुस से सवाल करने का यह मौका भुनाने में कोई समय नहीं गंवाया। एक विश्लेषक ने उनके इरादों पर सवाल उठाया। उन्होंने बताया कि पहले से ही ऐसी रिपोर्टें थीं (जिनका ढाका अधिकारियों ने खंडन नहीं किया था) कि नये शासक शेख हसीना के खिलाफ इंटरपोल अधिकारियों से शिकायत करेंगे, अगर वह ढाका नहीं लौटीं।

इसलिए डॉ. यूनुस को तुरंत निम्नलिखित सवालों का जवाब देना चाहिए- 1. क्या बांग्लादेश ने आधिकारिक तौर पर भारत सरकार से श्रीमती वाजेद को वापस भेजने का अनुरोध किया था? अगर जवाब हां में है, तो भारत की प्रतिक्रिया का विशिष्ट विवरण क्या था? सच तो यह है कि ढाका ने इस मामले में अभी तक भारत से कोई अनुरोध नहीं किया है। 2. ऐसे में बांग्लादेश के अधिकारी भारत से बात किए बिना ही इस मुद्दे को इंटरपोल अधिकारियों के पास ले जाने की बात क्यों कर रहे थे?

इससे यह स्पष्ट था कि डॉ. यूनुस ने एक बार फिर हर मोड़ पर भारत के साथ विवाद पैदा करने की कोशिश की थी। इंटरपोल के बारे में बातचीत भारत पर दबाव बनाने की एक भद्दी कोशिश थी और बांग्लादेश ने एक बहुत ही संवेदनशील मुद्दे पर जल्दबाजी में कदम उठाया।

एक वरिष्ठ टिप्पणीकार ने कहा: डॉ. यूनुस ने मुख्य सलाहकार बनने के बाद भारत का जिक्र करते हुए कहा था कि नया बांग्लादेश अपने पड़ोसी के साथ अच्छे संबंधों की उम्मीद करता है। अगर कोई समस्या होती है, तो दिल्ली को यह समझना चाहिए कि दक्षिण एशिया में भारतीय हितों को नुकसान हो सकता है।

यूनुस ने कहा था कि- अगर भारत-बांग्लादेश संबंधों में गिरावट आती है, तो भारत को अपने पूर्वोत्तर क्षेत्र, बांग्लादेश या यहां तक कि म्यांमार में भी नई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है... इसका मतलब यह है कि नये गैर-अवामी लीग सरकार के अधिकारी बांग्लादेशी क्षेत्र में अलगाववादी तथा उग्रवादी संगठनों को पनाह देना शुरू कर सकते हैं और अन्य चीजों के अलावा पहले की तरह उनके भारत विरोधी अभियानों में उनकी मदद कर सकते हैं।

भारत के लिए, वर्तमान स्थिति में दिल्ली की मुख्य चिंता असुरक्षित हिंदू अल्पसंख्यक आबादी के खिलाफ बार-बार होने वाले हमले हैं। पिछले तीन महीनों में बांग्लादेश के विभिन्न जिलों में इस तरह के हमलों को दर्शाने वाली रिपोर्ट और चौंकाने वाले वीडियो सामने आये हैं। इनमें से कई में हिंदुओं के खिलाफ आगजनी और हमले और उनकी संपत्ति की लूटपाट आदि दिखाई गई है। एमनेस्टी इंटरनेशनल और अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जैसे संगठनों ने इसकी निंदा की थी। हमलों की दुनिया भर में निंदा की गई थी, लेकिन ढाका स्थित शासक चुप रहे।

फिर भी डॉ. यूनुस ने इन चिंताओं को संबोधित करने के बजाय, हिंदुओं के खिलाफ अत्याचारों की सभी रिपोर्टों को 'निराधार और अतिरंजित' बताकर अधीरता से खारिज कर दिया, जिससे इस्लामी चरमपंथियों को अल्पसंख्यकों के प्रति अपने दृष्टिकोण में और अधिक आक्रामक होने का प्रोत्साहन मिला। वास्तव में, उन्होंने हमेशा की तरह भारतीय अखबार के साथ अपने नवीनतम साक्षात्कार में ऐसे आरोपों का खंडन किया!

सबसे मजबूत विपक्षी दल, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेताओं सहित वरिष्ठ राजनेताओं ने यूनुस को भारत जैसे देशों के साथ अच्छे संबंध बनाये रखने की आवश्यकता के बारे में स्पष्ट रूप से याद दिलाया है। उन्होंने 1970-71 में बांग्लादेशी स्वतंत्रता के संघर्ष में दिवंगत शेख मुजीबुर रहमान या एएल द्वारा निभाई गई भूमिका को पूरी तरह से नकारने के बारे में नये प्रशासन द्वारा अपनाये गये रुख का विरोध किया।

अमेरिका के भीतर भी, यूनुस ने डेमोक्रेट्स का महत्वपूर्ण समर्थन खो दिया है, जिन्हें ट्रम्प ने सत्ता से बाहर कर दिया है। इस स्थिति में, एक पर्यवेक्षक ने कहा, यूनुस को भारत-बांग्लादेश द्विपक्षीय संबंधों को नुकसान पहुंचाने के लिए कोई भी लापरवाही नहीं करनी चाहिए। इस तरह का कदम बांग्लादेश और लाखों लोगों की पीड़ा को और बढ़ा देगा, जो इस पीड़ा के समय में अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

कुछ लोगों ने पूछा था कि 1970-71 में यूनुस कहां थे, जब पाकिस्तानियों ने हजारों निर्दोष बंगालियों का कत्लेआम किया था और सैकड़ों स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जान कुर्बान कर दी थी?

वर्तमान में प्रतिबंधित एएल को खोई हुई राजनीतिक जमीन वापस पाने में किसी भी तरह की मदद करने से परे बीएनपी के नेतृत्व वाली सभी विपक्षी ताकतें अब चाहती हैं कि यूनुस घोषणा करें कि वे कार्यवाहक शासन के कार्यकाल को समाप्त करते हुए अगले चुनाव कब करा सकते हैं। वे यह भी चाहते हैं कि एएल चुनाव लड़े, ताकि निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित हो सके।

हाल के दिनों में अधिकांश टीवी पैनल चर्चाओं या अखबारों की टिप्पणियों के लहजे को देखते हुए, बीएनपी और अवामी लीग विरोधी नेता भी यूनुस पर अविश्वास करने लगे हैं, जिन्हें वे एक राजनीतिक व्यक्ति के रूप में नहीं देखते हैं।

जैसा कि एक टिप्पणीकार ने बताया कि 5 अगस्त के तुरंत बाद नोबेल पुरस्कार विजेता मुख्य सलाहकार का लोगों, सभी विपक्षी दलों, पश्चिमी लोकतांत्रिक दलों सहित पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और उनकी पत्नी हिलेरी के नेतृत्व वाले शक्तिशाली डेमोक्रेट्स, यूरोपीय संघ के नेताओं, गैर सरकारी संगठनों, मानव संसाधन समूहों और थिंक टैंकों ने स्वागत किया था। उनसे वायदा किया गया था कि वह समय से पहले चुनाव और प्रमुख प्रशासनिक सुधार करेंगे का वादा किया गया था, जबकि साथ ही एएल को हाशिए पर डालने के लिए एक ऊर्जावान अभियान भी जोरदार तरीके से शुरू किया गया था।

अब तक, नई सरकार के पहले 100 दिनों के बाद, सभी राजनीतिक दलों ने खुद को यूनुस से दूर कर लिया है। वे एएल, उसके जनसमर्थन, और पिछले योगदान को नष्ट करने के उनके गलत तरीके और कदमों का विरोध कर रहे हैं। वे हाल के बांग्लादेशी इतिहास को फिर से लिखने और बांग्लादेश के सबसे दोस्ताना पड़ोसी भारत के साथ अनावश्यक टकराव को भड़काने के उनके प्रयासों की निंदा कर चुके हैं।

यहां तक कि अमेरिका के भीतर भी, यूनुस ने डेमोक्रेट्स का महत्वपूर्ण समर्थन खो दिया है, जिन्हें ट्रम्प ने सत्ता से बाहर कर दिया है। इस स्थिति में, एक पर्यवेक्षक ने कहा, यूनुस को भारत-बांग्लादेश द्विपक्षीय संबंधों को नुकसान पहुंचाने के लिए कोई भी लापरवाही नहीं करनी चाहिए। इस तरह का कदम बांग्लादेश और लाखों लोगों की पीड़ा को और बढ़ा देगा, जो इस पीड़ा के समय में अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

## आपके पत्र

# अधूरे पुल पर दिशानिर्देश न होना दुर्भाग्यपूर्ण

एक दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम में बरेली की रामगंगा नदी पर तीन लोगों की मृत्यु का कारण गूगल के द्वारा बताया गया रास्ता बना है। गूगल के निर्देशानुसार अधूरे पुल पर चल रही कार रामगंगा नदी में समा गई जिसमें तीनों युवक मौजूद थे। इस घटना के बाद पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर और गूगल अधिकारी पर एफआईआर दर्ज कराई गई है और जांच जारी है। इस हादसे की जिम्मेदारी पुल का निर्माण करने वाली संस्था की है कि निर्माणाधीन पुल पर आवश्यक दिशानिर्देश, नोटिस, अवरोध एवं सिक्योरिटी गार्ड का इंतजाम करना चाहिए था। तीन लोगों की मृत्यु के बाद शासन प्रशासन नींद से जगा है और जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। गूगल कंपनी को भी जानकारी जीपीएस के माध्यम से देनी चाहिए थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह घटना दर्शाती है कि पुल का निर्माण करने वाली संस्था के अधिकारियों की लापरवाही कीमत तीन युवाओं ने जान देकर चुकाया है। गूगल का प्रश्न बाद में उठता है और सारी जिम्मेदारी गूगल पर न डाली जाए। गनीमत रही कि इस अधूरे पुल से यात्री बस नहीं गुजर रही थी वरना और भी बड़ी घटना हो जाती है। बड़ी संख्या में लोगों की जान चली जाती। प्रशासनिक लापरवाही की अन्य घटना भी देखने को मिलती है। अनेक स्थानों पर बोरवेल को खुला छोड़ दिया जाता है इससे देश भर मे सैकड़ों बच्चों की मृत्यु हो चुकी है। आखिर इतनी बड़ी लापरवाही अधिकारियों की समझ नहीं आती है। यह भी आमतौर पर देखने को मिलता है कि म्युनिसिपालिटी के द्वारा जब सफाई का कार्य किया जाता है तो मेन होल खुले छोड़ दिए जाते हैं जिससे भी बड़ी दुर्घटनाएं होती हैं ऐसी लापरवाही जानलेवा होती हैं इसलिए स्थानीय शासन प्रशासन को इन सभी समस्याओं को गंभीरता से लेना होगा और किसी कीमत पर ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना दोबारा ना हो। सड़क पर खुदाई कार्य भी अनेक एजेंसी के द्वारा किया जाता है और गड्ढे को बिना भरे छोड़ दिया जाता है जिससे दुर्घटनाएं होती हैं। इस असावधानी के चलते अकारण लोग मृत्यु का ग्रास बनते हैं। इस घटना को देश की प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने गंभीरता से लिया है और खबरों को प्रमुखता से छापा है ताकि इस तरह की घटनाओं की जानकारी सभी संबंधित अधिकारियों को मिल सके और प्रबुद्ध लोगों को मिल सके ताकि सरकार से सवाल-जवाब किया जा सके।

मेरा मानना है कि इस घटना के संदर्भ में उत्तर प्रदेश शासन और गूगल कंपनी को इन लोगों के परिवार को उचित मुआवजा देना चाहिये और भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो, इसका पुख्ता इंतजाम हो। गूगल कंपनी और स्थानीय शासन प्रशासन को भी इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

**वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली**



## ललित सुरजन की कलम से

# 'स्मार्ट सिटी' का सपना

*स्मार्ट सिटी की चर्चा करते हुए एक भय भी मन में उपजता है। अनेक वर्ष पूर्व इरविंग वालेस का उपन्यास आया था- द आर डाक्यूमेंट। इसमें बताया गया था कि एक औद्योगिक नगरी में किस तरह हर रहवासी पर कड़ी नज़र रखी जाती थी। इसके बाद बांग्ला के लोकप्रिय लेखक शंकर का उपन्यास- 'सीमाबद्ध' पढने मिला। इसमें जिक्र था कि कंपनी के बड़े साहब ने एक अधिकारी को बुलाकर आदेश दिया कि तुम्हारे बूढ़े माँ-बाप को आए तीन दिन हो गए, तुम्हारा ध्यान उनकी तरफ लगा रहेगा तो यहां काम कौन करेगा, उन्हें वापिस भेज दो और इलाज़ के लिए पैसा भेज दिया करो। क्या हमारी 'स्मार्ट सिटी' में भी कुछ ऐसा ही वातावरण बनेगा? यह डर इसलिए बढ़ जाता है कि स्मार्ट सिटी के साथ-साथ अब देश में प्राइवेट सिटी याने निजी नगरों की अवधारणा भी प्रचलित होने जा रही है। महाराष्ट्र के लवासा को भारत की पहिली प्राइवेट सिटी निरूपित करते हुए उम्मीद की जा रही है कि शीघ्र ही ऐसे कोई तीस निजी नगर खड़े हो जाएंगे। इनके अलावा औद्योगिक नगरों का भी बखान हो रहा है। मुझे एक औद्योगिक नगर के बारे में पता है कि वहां कोई चालीस साल तक महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित नहीं होने दी गई थी। अगर स्मार्ट सिटी, प्राइवेट सिटी, इंडस्ट्रियल सिटी- सब का रवैय्या यही रहा तो भारत के मजदूर वर्ग को व्यक्तिगत स्वतंत्रता, जनतांत्रिक अधिकार, मानवीय गरिमा आदि के बारे में भूल जाना पड़ेगा। हम उम्मीद करते हैं कि इस पर खुली बहस होगी।*

*मैं अपनी बात का समापन बीती रात देखे सपने के उल्लेख से करना चाहता हूं। मैंने देखा कि मेरा नगर याने रायपुर स्मार्ट सिटी बन गया है। जनता मुदित है। सारी सड़कें फोरलेन हो गई हैं। बरसात का पानी सड़कों पर जमा नहीं हो रहा है। सारे तालाब पाट दिए गए हैं क्योंकि हर घर में रेनवाटर हार्वेस्टिंग हो रही है। हर घर में फ्री वाई-फाई पहुंच गया है। सारे स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं- बच्चे घर से ही ई-क्लास रूम में उपस्थिति दे रहे हैं। सारे बागीचों में प्लास्टिक के पेड़ रोप दिए गए हैं, ताकि नागरिक पेड़-पौधों से होने वाली एलर्जी से बच सकें। राजधानी के तमाम नेता सांस्कृतिक-सामाजिक कार्यक्रमों में बिल्कुल घड़ी का कांटा देखकर पहुंच रहे हैं लेकिन आयोजक क्षमायाचना कर रहे हैं कि एक भी दर्शक-श्रोता नहीं आया, सब अपने घर में बिग स्क्रीन पर कार्यक्रम देखने के लिए बैठे हुए हैं। कोई बाहर नहीं निकलना चाहता, सिवाय फास्ट फुड की डिलीवरी करने वाले बाइक-सवारों के अलावा। कहिए, क्या ख्याल है?*

**( देशबन्धु में 30 जुलाई 2015 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/07/

## पावन प्रसंग

# महानता एवं दिशाबद्धता


चिंतन में संकुचित, स्वार्थ की जगह प्रेम, आत्मीयता एवं सिद्धांतनिष्ठा के गुण उमंग पड़ते हैं तो न केवल अंधेरा हटता है, बल्कि उसे परमसत्ता से तादात्म्य एवं सुसंगता का भाव स्थिति भी प्राप्त होती है। इस अवस्था में मनुष्य का जीवन सुख- सौभाग्य एवं आत्मिक पूर्णता का अधिकारी बनता है। जिनके हृदय में स्वयं को जानने की प्यास है एवं अपने को परिष्कृत करने का स्वभाव है। जिनके भीतर स्वाभिमान, एवं स्वानुशासन का भाव है,वही व्यक्ति अपने अंतस की महानता एवं तदनुरूप दिशाबद्धता को प्राप्त कर पाता है एवं उसे हर अनुकूल-प्रतिकूल परिस्थिति में स्वयं के स्वभाव एवं मार्ग का उचित बोध रहता है। महानता एक आंतरिक अवलंबन है। इसे वे ही लोग जानते हैं जिन्हें अपनी मूलसत्ता का बोध हो गया हो, जो अपने को ऊंचा उठाना जानते हों तथा अपने जीवन को परमात्मा की धरोहर के रूप में स्वीकार कर पाते हों, जो जीवन के प्रयोग एवं भविष्य का निर्धारण करना जानते हों, उन्हें ही यह श्रेय प्राप्त हो पाता है कि उनके द्वारा परमात्मा की दिव्य ध्वनि मुखरित हो उठे एवं तब जीवन में जिन सिद्धांतों का समावेश होना चाहिए, वे सहज ही हो जाएं।

जब भी मनुष्य इस भीतरी तल पर ऊंचे उठने का प्रयास करता है तो उसे बाह्य जगत की विषयवस्तु से उतना ही संबंध रह जाता है, जितना कि स्वप्रयोजन के अनुकूल होता है तथा मनुष्य की यह वृत्ति उसे महामानव बनाने हेतु अनुकूल भूमिका प्रस्तुत करती है। जिन मनुष्यों में यह दैवी तत्व पाया जाता है वे कभी विचलित नहीं होते एवं उन्हें परमात्म रस की अनुभूति में निरंतर रसास्वादन करने का पुण्य अवसर प्राप्त होता है। जिनका जीवन किसी पवित्र उद्देश्य की प्राप्ति में , मानवता को ऊंचा उठाने के ध्येय में अपने को समर्पित कर पाता है वह व्यक्ति धन्य है। जिन्हें अपनी आत्मा में छिपे दिव्य प्रकाश का बोध हो जाता है। वे किसी प्रकार बाह्य बातों के वश में नहीं रहते एवं उन्हें निरंतर कुसंग से बचे रहने का पुण्य अवसर प्राप्त होता है। यही वह दिव्य स्थल है जिसे प्राप्त कर हममें मानवता एवं एकत्व-बोध की अनुभूति चिर-स्थायित्व को प्राप्त करती है एवं तब का अंत:शोधन की प्रक्रिया में परिणत हो दिव्य अनुक्रम बनता है। अपनी शुद्रता को मिटाना एवं महानता का पथ प्रशस्त करना, यही मनुष्य का वास्तविक कर्तव्य है तथा इसे प्राप्त करने पर उसके मार्ग में अन्य कोई कठिनाई नहीं रह जाती है। दीर्घकालिक आनंद की प्राप्ति की दिशा में हमें बढ़ना है तो अपने स्वभाव का परिष्कार करना एवं गुणवत्तायुक्त चिंतन का विकास करना अनिवार्य हो जाता है। हमारे हृदय की भावना स्वयं ही अपना पथ प्रशस्त कर लेगी बशर्ते हम उचित अवसर प्रदान करें। जब मन स्वार्थकेंद्रित न होकर परमानंद का अनुगामी एवं पूर्ण विचारशील हो जाता है। स्वत: ही प्रकाश पथ दिखाई देने लग जाता है तब जीवन में महानता का भाव दृष्टिगोचर होने लग जाता है।

**अखंड ज्योति**

# खेल जगत

## दबंग दिल्ली केसी ने पटना पाइरेट्स के मुंह से जीत छीनी



**नोएडा।** दबंग दिल्ली केसी ने पटना पाइरेट्स के मुंह से जीत खींचते हुए नोएडा इंडोर स्टेडियम में मंगलवार को रिवेंज वीक के तहत खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 78वें मैच को 39-39 से टाई करा लिया। यह इस सीजन का कुल सातवां, दिल्ली का तीसरा और पटना का पहला टाई है। 30वें मिनट तक पटना 33-25 से आगे चल रहे थे लेकिन फिर दिल्ली ने आशीष के सुपर रेड की बदौलत वापसी की राह पकड़ी और पटना को आलआउट करते हुए लीड भी ले ली लेकिन फिर पटना ने संयम बनाए रखते हुए मैच टाई करा लिया। पटना के लिए देवांक ने 15 अंक बनाए जबकि दीपक और अंकित ने क्रमशः 7 और 5 अंक लिए। दिल्ली के लिए आशू ने एक बार फिर सुपर-10 लगाया जबकि सुपर रेड के साथ आशीष ने सात अंक बटोरे। नवीन ने भी 6 अंक का योगदान दिया।

# जर्मनप्रीत के निर्णायक गोल से एनसीओई भोपाल को दी शिकस्त

सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत की 2024 के पेरिस ओलंपिक में कांसा जीतने

■ **विजेता सीबीडीटी को प्रणाम गौड़ा ने दो गोल कर दो बार बराबरी दिलाई**



वाली टीम के सदस्य अंतरराष्ट्रीय ड्रैग फ्लिकर कप्तान जर्मनप्रीत सिंह के खेल खत्म होने से दस मिनट पहले समीर खान के बैकपास पर दागे निर्णायक गोल तथा ड्रैग फ्लिकर प्रणाम गौड़ा के पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिक से दागे दो गोल की बदौलत सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज (सीबीडीटी) ने नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई) भोपाल को दो बार पिछड़ने के बाद कड़े संघर्ष के बाद 60 वें हीरक जयंती एसएनबीपी-नेहरू सीनियर हॉकी टूर्नामेंट में पूल ए के मैच में यहां बुधवार को शिवाजी स्टेडियम में 3-2 से हरा दिया। सादिक मोहम्मद ने तीसरे पेनल्टी कॉर्नर पर गोलरक्षक साहिल कुमार नायक के पैड को लगकर वापस लौटती गेंद को पहला क्वार्टर खत्म होने से तीन मिनट पहले गोल कर नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई) भोपाल का खाता खोला। ड्रैग फ्लिकर प्रणाम गौड़ा ने दूसरे क्वार्टर के सातवें मिनट में पेनल्टी पर गोल कर सीबीडीटी को एक एक की बराबरी दिला दी। चौथे पेनल्टी कॉर्नर को हसन रिजवी ने रोक कर सीबीडीटी को गोल खाने से बचाया। अंकित ने सीबीडीटी के गोल पर सातवें पेनल्टी कॉर्नर मची भगदड़ में धैर्य दिखा गोल कर नैशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई) को तीसरा क्वार्टर खत्म होने से पहले गोल कर 2-1 कर दिया। अगले ही मिनट प्रणाम गौड़ा के पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिक से सीबीडीटी को दो से बराबरी दिला दी। समीर खान के बैक पास पर कप्तान ओलंपियन जर्मनप्रीत सिंह के खेल खत्म होने से दस मिनट पहले बेहतरीन मैदानी गोल कर सीबीडीटी को 3-2 से से आगे कर दिया और उनका यह गोल निर्णायक व विजयदाई साबित हुआ।

## 'भारतीय स्टेडियमों में माहौल वाकई बेमिसाल' : मारिया वर्चूर

**नई दिल्ली।** डच महिला हॉकी स्टार मारिया वर्चूर सूरमा हॉकी क्लब का प्रतिनिधित्व करते हुए उद्घाटन महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। नीदरलैंड की राष्ट्रीय टीम की बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक के रूप में वर्चूर ने भारत में खेलने के अलग अनुभव और पहली महिला एचआईएल का हिस्सा बनने के अवसर के बारे में अपना उत्साह व्यक्त किया। अपने अनुभव के बारे में बताते हुए मारिया ने कहा कि मैं इस रोमांच का इंतजार कर रही हूं। इस साल की शुरुआत में भारत में एफआईएच प्रो लीग के दौरान मेरा अनुभव शानदार रहा, जहां मैं प्रशंसकों के जुनून और ऊर्जा से प्रभावित हुई। भारत में हॉकी जीवंत है और स्टेडियमों में माहौल कुछ खास है। मारिया का मानना है कि महिला हॉकी लीग इस खेल के लिए एक महत्वपूर्ण भाग है। उन्होंने कहा कि भारत में महिलाओं के लिए अपनी तरह की पहली प्रतियोगिता देखना आश्चर्यजनक है। इसका हिस्सा बनना वाकई खास है। दुनिया भर के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के मिश्रण के साथ लीग का प्रारूप विभिन्न शैलियों और संस्कृतियों को एक साथ लाता है, जो मुझे लगता है कि महिला हॉकी के विकास के लिए बहुत अच्छा है। हम कुछ बेहतरीन मैच खेलेंगे और मुझे उम्मीद है कि हम दुनिया को दिखा पाएंगे कि महिला हॉकी कितनी रोमांचक और प्रतिस्पर्धी हो सकती है।

# बुमराह फिर से बने नंबर 1 टेस्ट गेंदबाज



**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (देशबन्धु)। गेंद से रफ्तार व धार दिखा कर दोनों पारियों में कुल आठ विकेट चटका भारत को आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पर्थ में खेला गया पहला क्रिकेट टेस्ट 295 रन से जिता कर मैन ऑफ द' मैच रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईसीसी पुरुष टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में फिर से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। इस साल यह तीसरा मौका है जब बुमराह आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे हैं। बुमराह इस साल इससे पहले दो बार एक एक महीने के लिए फरवरी और अक्टूबर में आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर रहे। लगातार दो बार आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली भारतीय टीम मेजबान ऑस्ट्रेलिया पर पर्थ में पहले टेस्ट की जीत से 61.11 फीसदी अंकों के साथ आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप(डब्ल्यूटीसी) में शीर्ष पर पहुंच गई। ऑस्ट्रेलिया 57.59 फीसदी अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। बुमराह ने पर्थ में पहले टेस्ट की पहली पारी में मात्र 30 देकर पांच विकेट और दूसरी पारी में 42 रन देकर तीन विकेट चटकाने सहित कुल 72 देकर आठ विकेट ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और दक्षिण अफ्रीका के कसिगो रबाड़ा को पीछे छोड़ करियर बेस्ट 883 रेटिंग अंकों के साथ आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। यह किसी भारतीय तेज गेंदबाज द्वारा अर्जित सर्वोच्च रेटिंग अंक हैं। भारत के लिए स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन(904 रेटिंग अंक) और रवींद्र जडेजा(899 रेटिंग अंक) ने बतौर गेंदबाज सर्वोच्च आईसीसी रेटिंग अंक हैं। भारत के नौजवान सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 161 रन की बेहतरीन पारी खेल कर इंग्लैंड के हैरी ब्रुक और न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को पीछे छोड़ आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ दूसरी रैंकिंग पर पहुंच गए।

■ **यशस्वी बल्लेबाजी आईसीसी बल्लेबाजी टेस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर**

# पृथ्वी शॉ का डूब रहा कॅरियर, एक समय होती थी सचिन-सहवाग और लारा से तुलना



**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत में क्रिकेट प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। यह अनुशासन ही है जो किसी क्रिकेटर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लंबे समय तक टिके रहने में मदद करता है। बल्लेबाज पृथ्वी शॉ की प्रतिभा पर कोई संदेह नहीं था, लेकिन यह उनका अनुशासन ही था जिसने उन्हें निराश किया। एक बार आईसीसी ने उनकी तारीफ में कसीदे पढ़ते हुए उन्हें क्रिकेट जगत का भविष्य में एक बड़ा नाम बताया था। लेकिन अब टीम इंडिया तो छोड़िए 25 वर्षीय इस खिलाड़ी ने खुद को एक ऐसे मोड़ पर ला खड़ा किया है, जो आईपीएल 2025 में अनसोल्ड रहा। जिस खिलाड़ी की तुलना सचिन तेंदुलकर-वीरेंदर सहवाग से होती थी, जिस खिलाड़ी में लोग ब्रायन लारा को देखते थे, अब उसी खिलाड़ी की हालत खस्ता हो चुकी है। इस खिलाड़ी को देखकर ऐसा लगता है कि कामयाबी जरा देर से मिले लेकिन ऐसा डाउन फॉल किसी को न मिले। एक समय था जब इस खिलाड़ी ने आईपीएल से लेकर टीम इंडिया तक तहलका मचा दिया था लेकिन यह शौहरत उनके लिए महज चंद वर्षों की थी। अब उनके करियर में ऐसा समय आ गया है कि वो न आईपीएल में हैं और न टीम इंडिया में। अपने छोटे से ही करियर में पृथ्वी शॉ पहली बार आईपीएल का हिस्सा नहीं होंगे। पृथ्वी शॉ को दिल्ली ने आईपीएल 2022 से पहले रिटेन किया था और उन्हें भी उनके बेस प्राइस 75 लाख पर भी कोई ख़रीदार नहीं मिला। शॉ ने पिछले दो सीज़न में दिल्ली के लिए अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था जिसके बाद पिछले सीज़न में अभिषेक पोरेल के लिए उन्हें ड्रॉप किया गया था। हाल ही में उन्हें मुंबई की रणजी टीम से भी ड्रॉप कर दिया गया था। खराब फॉर्म, फिटनेस और अनुशासन की कमी इस बल्लेबाज की सबसे बड़ी दुश्मन है। शॉ अक्सर लाइमलाइट में रहते हैं और अलग-अलग पार्टियों में दिख जाते हैं, जो उनकी ट्रोलिंग की वजह भी बनता है।

■ **पृथ्वी शॉ को दिल्ली ने आईपीएल 2022 से पहले रिटेन किया था और उन्हें भी उनके बेस प्राइस 75 लाख पर भी कोई ख़रीदार नहीं मिला**

## बांग्लादेश की महिला टीम ने आयरलैंड को 154 रनों से हराया

**ढाका,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। शर्मिन अख्तर (96) और फरगाना हक (61) की शानदार बल्लेबाजी के बाद सुलताना खातून (तीन विकेट), मारुफा अख्तर और नाहिदा अख्तर (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत बंगलादेश की महिला टीम ने बुधवार को एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड की महिला टीम को 154 रनों से हरा दिया है। 253 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत खराब रही और उसने 10 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। उसके बाद ओर्ला प्रेंडरगैस्ट और सारा फोर्ब्स ने पारी को संभालने का प्रयास किया। नाहिदा अख्तर ने ओर्ला प्रेंडरगैस्ट (19) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। सारा फोर्ब्स (25) रन बनाकर आउट हुई। लौरा डेलानी ने (22) रन बनाये। आयरलैंड टीम के आठ खिलाड़ी दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बंगलादेश के गेंदबाजों के आगे आयरलैंड की पूरी टीम 28.5 ओवर में 98 रन पर ढ़ेर हो गई।

# देश में युवा प्रतिभाओं की कमी नहीं, कड़ी मेहनत करनी होगी: सिंधू



**लखनऊ,** 27 नवम्बर (एजेंसियां) खेल को प्रोत्साहन देने की सरकार की नीति की तारीफ करते हुए भारतीय स्टार शटलर पीवी सिंधु ने कहा कि देश में बैडमिंटन के क्षेत्र में युवा प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है मगर जरुरत उन्हे कड़े परिश्रम करने और कराने की है। बीबीडी अकादमी में सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में हमवतन अनमोल के खिलाफ जीत से शुरुआत करने के बाद सिंधु ने पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत में अपनी नयी अकादमी के बारे में भावी योजनाओं का खुलासा करते हुये कहा कि हमारे देश में कई युवा प्रतिभायें है जिनको तराशना है। हमारा काम उन प्रतिभाओं को तलाशना और तराशना है या यूं कहें कि कई सिंधुओं को तैयार करना है। मुझे उम्मीद है कि युवा प्रतिभायें अनुभव का लाभ उठायेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार खिलाड़ियों को बहुत सपोर्ट कर रही है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और भारतीय बैडमिंटन एसोसियेशन (बाई) खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रहे है। खिलाड़ी की उपकरणों की मांग को पूरा किया जा रहा है। कई खिलाड़ी खेल रहे हैं। यूपी में कई युवा है जिनको सिर्फ कड़ी मेहनत की जरुरत है। हर प्रैक्टिस सेशन में 100 फीसदी देना है। किसी को सफलता जल्दी मिलती है जबकि कुछ को थोड़ा समय लगता है मगर इसमें संयम बरतते हुये कडी मेहनत करनी होगी। अनमोल के खेल की तारीफ करते हुये उन्होंने कहा कि मैं उसके खिलाफ पहली बार खेल रही हूं। वह अच्छा खेली। मैं उसका खेल पहले भी देख चुकी थी। हम एशियन चैपियनशिप में टीम इवेंट के लिये पहले भी साथ गये थे। मेरा इस कोर्ट में पहला मैच था। शुरु में कुछ गल्तियां भी हुयी जो खेल का एक हिस्सा है मगर इसके लिये मुझे अंक गंवाने पड़े हालांकि आखिरकार मुझे जीत मिली।

**सरकार खिलाड़ियों को बहुत सपोर्ट कर रही है। भारतीय खेल प्राधिकरण और भारतीय बैडमिंटन एसोसियेशन खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं : पीवी सिंधु**

## सार संक्षेप

### जयपुर में इंडिया ओपन शॉटगन प्रतियोगिता शुरू

**जयपुर।** नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) द्वारा आयोजित इंडिया ओपन शॉटगन प्रतियोगिता बुधवार को शुरू हुई। यह आयोजन राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने के इच्छुक एथलीटों के लिए एक महत्वपूर्ण क्वालीफायर के रूप में काम करेगा, जिसमें देश भर से 329 निशानेबाज हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की दो श्रेणियां हैं: राष्ट्रीय नियम (एनआर) श्रेणी उन एथलीटों के लिए है जिन्होंने अभी तक राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालीफाई नहीं किया है, और अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) श्रेणी उन लोगों के लिए है जिन्होंने पहले ही राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपना स्थान अर्जित कर लिया है। यह डिवीजन एक अत्यधिक प्रतिस्पर्धी माहौल सुनिश्चित करता है, जो उभरती हुई प्रतिभाओं को अनुभवी पेशेवरों के साथ अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करता है। 329 प्रतिभागियों में से 221 ने एनआर श्रेणी में पंजीकरण कराया है, जबकि शेष 108 आईएसएसएफ श्रेणी में हैं।

### दिल्ली प्रीमियर लीग : डीएफसी की संघर्षपूर्ण जीत

**नई दिल्ली।** दिल्ली एफसी ने यूनाइटेड भारत को 3-1 से हरा कर डीएसए प्रीमियर लीग में पूरे अंक अर्जित किए द्य आज यहां अम्बेडकर स्टेडियम मैदान पर खेले गए मैच में दिल्ली एफ सी को जमने में समय लगा लेकिन तब तक अंक तालिका में काफी नीचे चल रही और अपेक्षाकृत कमजोर आंकी जा रही यूनाइटेड भारत एक गोल से बढ़त लेने में सफल रही। विजेता डीएफसी के लिए गयारी, जाकोब और प्लेयर ऑफ़ द मैच नौबा ने गोल जमाए द्य पराजित यूनाइटेड भारत का गोल चन्दन ने छठे मिनट में किया द्य अंक तालिका में चौथे स्थान पर चल रही दिल्ली एफसी को आज के मुकाबले में भले ही कमजोर प्रतिद्वंद्वी मिला लेकिन पहले हाफ में यूनाइटेड भारत ने डट कर मुकाबला ही नहीं किया बल्कि चन्दन के गोल से छठे मिनट में बढ़त भी बनाई। डीएफसी के गयारी ने 58वें मिनट में बराबरी का गोल जमाया।

### डीएफसी ने यूनाइटेड भारत को हराया

**नई दिल्ली।** दिल्ली फुटबॉल क्लब (डीएफसी) ने यूनाइटेड भारत को 3-1 से हरा कर डीएसए प्रीमियर लीग में पूरे अंक अर्जित किए। आज यहाँ अम्बेडकर स्टेडियम मैदान पर खेले गए मैच में दिल्ली एफ सी को जमने में समय लगा लेकिन तब तक अंक तालिका में काफी नीचे चल रही और अपेक्षाकृत कमजोर आँकी जा रही यूनाइटेड भारत एक गोल से बढ़त लेने में सफल रही। विजेता डीएफसी के लिए गयारी, जाकोब और प्लेयर ऑफ द मैच नौबा ने गोल किये। वहीं पराजित यूनाइटेड भारत का गोल चन्दन ने छठे मिनट में किया। अंक तालिका में चौथे स्थान पर चल रही दिल्ली एफसी को आज के मुकाबले में भले जी कमजोर प्रतिद्वन्दवी मिला लेकिन पहले हाफ में यूनाइटेड भारत ने डट कर मुकाबला ही नहीं किया बल्कि चन्दन के गोल से छठे मिनट में बढ़त भी बनाई।

## एशियन राइफल पिस्टल कप 2026 की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। एशियन शूटिंग कन्फेडरेशन (एएससी) की कार्यकारी समिति ने एशियन राइफल/पिस्टल कप 2026 की मेजबानी के अधिकार भारत को प्रदान किए हैं। यह घोषणा नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने की है। एएससी के महासचिव इंजीनियर दुआज अल ओतैबी द्वारा एनआरएआई के महासचिव के. सुल्तान सिंह को भेजे गए एक पत्र में होस्ट फेडरेशन से इस प्रतियोगिता की प्रस्तावित तिथियों की जानकारी मांगी गई है। इस निर्णय पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, के. सुल्तान सिंह ने कहा कि हमें एक और शीर्ष अंतरराष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता की मेजबानी सौंपे जाने पर बेहद खुशी हो रही है। हम एएससी की कार्यकारी समिति के प्रति अत्यंत आभारी हैं और हमेशा की तरह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का वादा करते हैं। एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि यह भारतीय शूटिंग के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते कद का एक और प्रमाण है, और हमें खुशी है कि हमारे निशानेबाजों को दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों के खिलाफ घरेलू दर्शकों के सामने अपनी क्षमता साबित करने का एक और मौका मिलेगा। हम भारत सरकार, खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) को निरंतर प्रोत्साहन और समर्थन के लिए धन्यवाद देते हैं, जो उन्होंने हमेशा भारतीय शूटिंग को प्रदान किया है।

# प्रो कबड्डी लीग सीजन 11 के प्लेऑफ और फाइनल पुणे में होंगे

**पुणे,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने घोषणा की है कि प्रो कबड्डी लीग सीजन 11 के प्लेऑफ और फाइनल 26 दिसंबर से 29 दिसंबर, 2024 तक पुणे के बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में आयोजित किए जाएंगे। लीग चरण में शीर्ष दो टीमें सीधे सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। तीसरे, चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर रहने वाली टीमें 26 दिसंबर, 2024 को एलिमिनेटर चरण में आमने-सामने होंगी। तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम एलिमिनेटर 1 में छठे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी। और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम एलिमिनेटर 2 में पांचवें स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी। एलिमिनेटर1 का विजेता सेमीफाइनल 1 में तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम से भिड़ेगा और एलिमिनेटर 2 का विजेता सेमीफाइनल 2 में 27 दिसंबर को

■ **तीसरे, चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर रहने वाली टीमें 26 दिसंबर, 2024 को एलिमिनेटर चरण में आमने-सामने होंगी**



दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगा। इसके बाद, प्रो कबड्डी लीग सीजन 11 के विजेता का फैसला करने के लिए 29 दिसंबर को ग्रैंड फिनाले होगा। लीग फिलहाल नोएडा में है, जिसके मैच 1 दिसंबर तक नोएडा इंडोर स्टेडियम में होंगे। इसके बाद टूर्नामेंट 3 से 24 दिसंबर तक पुणे में चलेगा, जिसके बाद प्लेऑफ होंगे। प्रो कबड्डी लीग के लीग चेयरमैन और मशाल के बिजनेस हेड अनुपम गोस्वामी ने कहा कि हम पुणे में प्लेऑफ और फाइनल को लाने के लिए रोमांचित हैं, यह शहर अपनी जीवंत कबड्डी भावना के लिए जाना जाता है। इस सीज़न को हैदराबाद से नोएडा तक इसकी तीव्र प्रतिस्पर्धा और रोमांचक फिनिश ने परिभाषित किया है।

## हेड ने ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में दरार की अफवाहों को किया खारिज

**नई दिल्ली,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने उन दावों का खंडन किया है कि टेस्ट टीम में दरार है, क्योंकि जोश हेजलवुड ने एक टिप्पणी करके हलचल मचा दी थी, जिसमें संकेत दिया गया था कि ड्रेसिंग रूम में विभाजन हो सकता है। हेजलवुड तीसरे दिन के खेल के बाद मीडिया के सामने आए और उनसे पूछा गया कि सोमवार को उनकी टीम कैसे निपटेगी, जब ऑस्ट्रेलिया 534 रनों का पीछा करते हुए 3-12 की निराशाजनक स्थिति से चौथे दिन का सामना करेगा। प्रश्न के लिए उनका जवाब था, आपको शायद बल्लेबाजों में से किसी एक से यह सवाल पूछना चाहिए। मैं आराम कर रहा हूं और थोड़ा फिजियो और थोड़ा उपचार पाने की कोशिश कर रहा हूं, और मैं शायद अगले टेस्ट की ओर देख रहा हूं और हम इन बल्लेबाजों के खिलाफ क्या योजना बना सकते हैं। हेजलवुड की टिप्पणी ने मुझे आश्चर्यचकित कर दिया। उन्होंने कहा कि मेरे हिसाब से यह मुझे बताता है कि संभावित रूप से एक विभाजित चेंज रूम है। मुझे नहीं पता कि ऐसा है या नहीं। एडम गिलक्रिस्ट ने कहा कि मैं शायद इसे बहुत ज़्यादा पढ़ रहा हूँ, जबकि इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा कि वे हेज़लवुड की टिप्पणियों से 'स्तब्ध' हैं।

# नाडा का एक्शन : पहलवान बजरंग पूनिया को चार साल के लिए निलंबित किया

**सोनीपत,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने पहलवान बजरंग पूनिया को चार साल के लिए निलंबित कर दिया है। नाडा ने इसका कारण राष्ट्रीय टीम के सिलेक्शन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए सैंपल देने से इनकार करने को ठहराया, जिसके चलते उन पर कार्रवाई हुई। हालांकि, बजरंग ने कहा कि वह इस एक्शन से बिल्कुल भी हैरान नहीं हैं। इस तरह से टोक्यो

■ **टोक्यो ओलंपिक में सिल्वर मेडल जीतने वाले पूनिया को इससे पहले 23 अप्रैल को अस्थायी रूप से सस्पेंड किया गया**



ओलंपिक खेलों के कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पुनिया को मार्च 2024 में राष्ट्रीय टीम के ट्रायल के दौरान एंटी-डोपिंग परीक्षण के लिए यूरिन का सैंपल देने से इनकार करने पर चार साल के लिए निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, पूनिया को पहले एक अनंतिम निलंबन दिया गया था और सुनवाई के बाद, नाडा के एंटी-डोपिंग नियमों के आर्टिकल 10.3.1 के अनुसार प्रतिबंध की पुष्टि की गई, जो जानबूझकर डोप परीक्षण से बचने से संबंधित है, जिसे एंटी-डोपिंग नियम का उल्लंघन माना जाता है। टोक्यो ओलंपिक में सिल्वर मेडल जीतने वाले पूनिया को इससे पहले 23 अप्रैल को अस्थायी रूप से सस्पेंड किया गया था। इसके बाद विश्व कुश्ती संगठन ने भी उनके खिलाफ कार्रवाई की थी। पूनिया ने इस सस्पेंशन के खिलाफ अपील की थी, जिसके बाद इसे 31 मई तक रद्द कर दिया गया था। इसके बाद नाडा ने 23 जून को पूनिया को नोटिस जारी किया था। पूनिया ने 11 जुलाई को इस फैसले को चुनौती दी थी, जिसके बाद 20 सितंबर और 4 अक्टूबर को सुनवाई हुई। अब अपने आदेश में नाडा के डोपिंग पैनल ने उनके चार साल के निलंबन को जारी रखा है। खेल की विश्व नियामक संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने भी अप्रैल में बजरंग को निलंबित कर दिया था, जिसके बाद भारतीय पहलवान न केवल प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले सकते हैं, बल्कि निलंबन अवधि समाप्त होने तक कोचिंग की भूमिका भी नहीं निभा सकेंगे। हालांकि, पुनिया ने इस तर्क को गलत बताया है कि उन्होंने सैंपल देने से जानबूझकर इंकार किया था, बल्कि इसके लिए नाडा की कमियों को उजागर किया।

## नाथन स्मिथ इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में पदार्पण करेंगे

**क्राइस्टचर्च,** 27 नवम्बर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड ने पुष्टि की है कि तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करेंगे, जबकि भारत में हाल ही में वाइटवॉश के प्लेयर ऑफ द सीरीज विल यंग को केन विलियम्सन के लिए टीम से बाहर कर दिया गया है। न्यूजीलैंड के कप्तान टिम लाथम ने भी पुष्टि की है कि पूर्व कप्तान केन विलियमसन पहले टेस्ट के लिए कमर की चोट से उबरकर वापसी करेंगे, जबकि पिछले महीने भारत में न्यूजीलैंड की हाल ही में 3-0 से वाइटवॉश के दौरान 244 रन बनाने वाले और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए विल यंग को टीम से बाहर कर दिया गया है। लाथम ने बुधवार को कहा कि उन्होंने (यंग) भारत में शानदार प्रदर्शन किया और हमारे लिए शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन दुर्भाग्य से यह यंगी के पिछले कुछ समय में किए गए प्रदर्शन से कहीं कम है। केन जैसे खिलाड़ी की वापसी से टीम को मजबूती मिलती है, क्योंकि वह



एक बेहतरीन खिलाड़ी है। वह (यंग) एक बेहतरीन टीम मैन है और उसने निश्चित रूप से कुछ भी गलत नहीं किया है। यह एक कठिन निर्णय था, लेकिन जब आप ऐसी स्थिति में होते हैं तो आपको कठिन निर्णय लेने होते हैं और इसका मतलब है कि आपकी टीम अच्छी स्थिति में है।

## सार समाचार

### नशीली दवाओं के विरुद्ध खाद्य एवं औषधि प्रशासन की कार्यवाही



**विदिशा, देशबन्धु।** कलेक्टर के आदेशानुसार खाद्य एवं प्रशासन एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिले में निरंतर कार्यवाही की जा रही है।

27 नवंबर को औषधि निरीक्षक संजीव जादौन एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी एडलीन ई पन्ना द्वारा पीतलमिल चौराहा की मेडिकल का औचक निरीक्षण किया गया। न्यू राज मेडिकल स्टोर एवं शान मेडिकल पीतलमिल चौराहा का औषधि निरीक्षक द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाई गई कमियों के आधार पर नोटिस जारी किया जाएगा एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी एडलीन ई पन्ना द्वारा मल्टी विटामिन, शहद, ग्लूकोज पाउडर आदि के खाद्य नमूने एकत्रित किए गए। औषधि निरीक्षक द्वारा सभी मेडिकल स्टोर के संचालक को निर्देश दिए गए कि कोई भी प्रतिबंधित दवाई का विक्रय न करें। ऐसा करते पाए जाने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

### नगर की मुख्य मार्गो को सीसी सड़क बनाने के संबंध में व्यापारियों की बैठक रविवार को

**विदिशा, देशबन्धु।** व्यापार महासंघ के अंतर्गत आने वाले 36 संगठनों के व्यापारी संगठन द्वारा रविवार को बाल विहार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में एक बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें नगर के मुख्य सड़कों को सीसी सड़क निर्माण के संबंध में बैठक आयोजित की गई है। इस दौरान व्यापार महासंघ के अंतर्गत आने वाले 36 व्यापार संगठन बैठक में शामिल होंगे। साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी भी बैठक में व्यापारियों से विचार विमर्श करेंगे। इस दौरान नगर पालिका और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। व्यापार महासंघ ने सभी संगठनों के पदाधिकारी से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### चरनोई भूमि मुक्त कराने पर किया कलेक्टर का सम्मान

**विदिशा, देशबन्धु।** भैरोखेड़ी के त्यागी जी महाराज की कई वर्षो की तपस्या और आंदोलन और अनशन के कारण और युवा ब्राह्मण परिषद के साथ पूरे प्रदेश में चरनोई भूमि मुक्त कर गौशाला बनाये जाने की मांग की गई। जिसके फलस्वरूप हाईकोर्ट से आदेश आया और मध्यप्रदेश की समस्त चरनोई भूमि को मुक्त करने की श्रृंखला में विदिशा जिले का प्रथम स्थान आया और इसी के चलते कलेक्टर रोशन कुमार सिंह का भैरोखेड़ी के त्यागी जी महाराज ने प्रशंसा पत्र एवं शाल श्रीफल से सम्मानित किया और उन्हें इस पुनीत कार्य में सहयोग देते रहने का विनय कर उज्जवल भविष्य शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर युवा ब्राह्मण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष पंडित रविकांत शर्मा बाला भैया उपस्थित रहे।

### जिला परिवहन कार्यालय में आटो रिक्शा यूनियन के सदस्यों की हुई बैठक

# स्कूल आने-जाने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर दी समझाईश

▸ **बैठक में अतिरिक्त जिला परिवहन अधिकारी एवं यातायात थाना प्रभारी उपस्थित रहे।**



**विदिशा, देशबन्धु।** ऑटो रिक्शा के माध्यम से स्कूल आने-जाने वाले बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को जिला परिवहन कार्यालय विदिशा में विदिशा नगर में संचालित ऑटो रिक्शा यूनियन के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में शहर के ऑटो रिक्शा यूनियन के सदस्यों के अतिरिक्त जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा एवं यातायात थाना प्रभारी निरपत सिंह लोधी उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित ऑटो रिक्शा यूनियन के सदस्यों को निर्देशित किया गया की ऑटो रिक्शा में परिवहन करने वाले बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाये जिसके लिए ऑटो रिक्शा में तीनों ओर से जाली वाले दरवाजे लगाए जाये, निर्धारित संख्या में ही बच्चों का परिवहन किया जाए, कोई भी बच्चा वाहन से बाहर नहीं लटका होना चाहिये, ऑटो रिक्शा तेज़ गति से संचालित न किया जाए तथा वाहन के प्रपत्र वैध रखे जाएं। सवारियों से निर्धारित किराया ही लिए जाने हेतु निर्देशित किया गया। उल्लेखनीय है कि शहर में ऑटो रिक्शा का किराया पूर्व से निर्धारित है जो कि प्रथम किलोमीटर हेतु रूपए 20 तथा उसके बाद प्रत्येक किलोमीटर हेतु रूपए 15 (सम्पूर्ण ऑटो रिक्शा हेतु) निर्धारित है।

वाहन चेकिंग के दौरान उक्त नियमों का पालन न करते पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्यवाही की जाएगी। ऑटो यूनियन के सदस्यों द्वारा उक्त नियमों का पालन किए जाने का आश्वासन दिया गया। इसके अतिरिक्त शहर में निर्धारित स्टैंडों पर ही ऑटो रिक्शा खड़े करने हेतु हिदायत दी गई। बैठक में ऑटो रिक्शा यूनियन द्वारा ऑटो स्टैंडों से अतिक्रमण हटाने तथा ऑटो रिक्शा स्टैंड का बोर्ड लगाने हेतु की गई मांग के संबंध में जिला परिवहन अधिकारी द्वारा जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में इस बिंदु को रखने का आश्वासन दिया गया।

## हम्माल तुलावट यूनियन ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**सिरोंज, देशबन्धु।** मंगलवार को तहसील परिसर में हम्माल तुलावट यूनियन संघ द्वारा राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर अतिशीघ्र सिरोंज को जिला घोषित करने की मांग की गई। हम्माल तुलावट यूनियन के महामंत्री हाफिज शम्स कमर ने बताया की सिरोंज लटेरी तहसील की दूरी जिला मुख्यालय विदिशा से लगभग 85 किलोमीटर से लेकर 130 किलोमीटर है आमजन को जिला मुख्यालय विदिशा जाने के लिए अत्यधिक खर्च एवं समय की बर्बादी होती है कई लोग अपनी मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पहुंच ही नहीं पाते। सिरोंज जिला बनाओ अभियान समिति के अध्यक्ष अवध नारायण श्रीवास्तव ने कहा कि सिरोंज पूर्व में जिला रहा है परंतु सिरोंज एवं लटेरी की जनता के साथ अन्याय करते हुए शासन प्रशासन ने सिरोंज को तहसील का दर्जा दिया था।

वहीं लंबे समय से सिरोंज को पुन जिला बनाने की मांग की जा रही है। सिरोंज जिला बनाओ अभियान समिति के महामंत्री कपिल त्यागी ने कहा कि सिरोंज जिला बनाओ अभियान समिति द्वारा लंबे समय से सिरोंज को जिला बनाने के लिए संघर्ष किया जा रहा है।समिति को आम नागरिकों के सहयोग की भी आवश्यकता है। सिरोंज जिला बनने से हर स्तर के व्यक्ति को लाभ होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में हम्माल तुलावट यूनियन के सदस्य उपस्थित रहे।

## कलेक्टर के निर्देश पर अवैध शराब के विरूद्ध की कार्रवाई



**विदिशा, देशबन्धु।** जिले में अवैध मदिरा के धारण, परिवहन, निर्माण एवं विक्रय की रोकथाम हेतु कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही के मार्गदर्शन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी मुकेश मौर्य के नेतृत्व में 27 नवंबर को विदिशा जिले के समस्त आबकारी स्टाफ द्वारा व्रत ब अंतर्गत पेग्याई के टपरे, सनागन के टपरे टांडा, शाहपुरा कालोनी, साढ़ेर सहित शमशाबाद क्षेत्र में दबिश की कार्रवाही के दौरान कुल 20 ब.ली. हाथ भट्टी मदिरा, लगभग 1000 किलो लाहान जप्त की जाकर एक अज्ञात आरोपी सहित कुल 03 प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिये गये। जब्तशुदा मदिरा व लाहान का बाज़ार मूल्य 104000 रुपये लगभग आंकलित की गई है। आबकारी उप निरीक्षक महेश विश्वकर्मा द्वारा संपन्न की गई इस कार्यवाही में आबकारी उप निरिक्षक सुनील चौहान, पुष्पेंद्र ठाकुर, संजय इवने एवं आबकारी आरक्षक शिवलाल चिढ़ार, पवन गौर, प्रवीण पांडवी राहुल राठौर, मनोज नामदेव, प्रदीप मालवीय, प्रमोद धुर्वे, दीपक गोयल, आशीष कौरव और प्रीति परिहार एवं होमगार्ड सैनिकों का योगदान रहा।

## कुरैशी को ब्लॉक नियुक्त किया

**सिरोंज, देशबन्धु।** ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिला अध्यक्ष सोहेल अहमद ने वक्फ कमेटी के जिला अध्यक्ष अय्यूब कुरैशी की सहमति से भाजपा नेता इरफान कुरैशी उर्फ बाबू भाई ठेकेदार को सिरोंज ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया। इस अवसर पर चौधरी फरहत अली,चौधरी मुशाहिद उर्फ मुश्शी, वाजिद कुरैशी, वाहिद गौरी,बन्नू पठान, तोहीद खान, लईक उल्लाह खान, मतीन जफर, दानिश इंडियन, परवेज अहमद, चौधरी फिरोज, जैद खान आदि लोग मौजूद रहे।

## अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**विदिशा, देशबन्धु।** शमशाबाद तहसील के ग्राम सीगाखेड़ी, बुढ़ाखेड़ी के बड़ी संख्या में ग्रामीण बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और उन्होंने जिला प्रशासन को अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण जगदीश, धन सिंह, रणवीर सिंह, सतवीर सिंह, निरंजन सिंह, मलखान सिंह, राजेश, तूफान सिंह आदि ने बताया कि डूब क्षेत्र की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने एवं गांव में मवेशियों के लिए पेयजल की व्यवस्था को देखते हुए अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई करना आवश्यक हो गया है। उन्होंने बताया कि विगत कुछ दिनों से लोगों द्वारा 242 क्षेत्र की भूमि पर अतिक्रमण कर अपने कब्जे में ले लिया है। गांव के गरीब लोगों ने तो स्वयं अतिक्रमण हटा लिया है पर बड़े-बड़े लोगों का अभी भी अतिक्रमण है। जिस कारण से गांव के मवेशियों को डैम में पानी पीने जाने के लिए कोई रास्ता नहीं बचा है। ग्रामीणों का कहना था कि जिन लोगों द्वारा वन भूमि और शासकीय भूमि पर



कब्जा किया गया है, उन्हें प्रशासन द्वारा शक्ति से हटाना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे लोगों पर तो प्रशासन द्वारा कार्रवाई कर दी जाती है, लेकिन बड़े रसूखदारों पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती है। जिसके चलते इन लोगों के हौंसले बुलंद होते जा रहे हैं और वर्तमान में तो यह स्थिति बन चुकी है कि डेम जाने-आने के लिए कोई रास्ता ही नहीं बचा है। ऐसे जानवरों को पानी पिलाने के लिए ले जाने में ग्रामीणों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द रास्ते से अतिक्रमण हटाकर शासकीय भूमि को मुक्त कराया जाए। जिससे कि ग्रामीण अपनी जानवरों को पानी पिलाने के लिए डेम ले जा सकें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## 8 से 10 लोगों ने डकैती का किया प्रयास, एसपी को दिया ज्ञापन

**विदिश, देशबन्धु।** गिरधर कॉलोनी में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात 8 से 10 लोगों द्वारा डकैती और चोरी करने का प्रयास किया गया। वहीं कुछ लोगों द्वारा रोकने के प्रयास करने पर फायरिंग भी की गई। इस पूरी घटना को लेकर कॉलोनी के रहवासी बुधवार को एसपी के पास पहुंचे।

रहवासियों ने बताया कि हर सप्ताह कॉलोनी में चोरी की वारदातें हो रही हैं। नकाबपोश हथियारबंद लोग यहां आते हैं और चोरी को अंजाम देकर चले जाते हैं। मंगलवार को जिस प्रकार से उन्होंने फायरिंग की है उससे पूरे कॉलोनीवासी दहशत में हैं। पुलिस इन लोगों को नहीं



पकड़ पा रही है। अब इन आरोपियों को रोक पाना मुश्किल है, वह हथियारों से लैस हैं और बीच में आने वाले लोगों को वह मौत के घाट भी उतार सकते हैं। हम सभी लोग जान हथेली पर रखकर कॉलोनी में रह रहे हैं। रहवासियों ने एसपी से उक्त मामले में जल्द से जल्द कड़े कदम उठाए जाने की मांग की है।

## सड़क दुर्घटना में साले-बहनोई की



**सिरोंज, देशबन्धु।** आरोन रोड पर बरेंडा जोड़ पर आज एक भीषण दुर्घटना में साले बहनोई की मौत हो गई। बताया जाता है कि दोनों साले बहनोई गांव से सिरोंज की ओर आ रहे थे तभी एक तेज रफ्तार करने उन्हें टक्कर मार दी,जिससे रितेश शर्मा पुत्र शिवचरण शर्मा ग्राम इब्राहिमपुर एवं सुमित शर्मा पुत्र राजेश शर्मा ग्राम परवरिया की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने मर्ग कायम कर कार को जप्त कर लिया है व का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया।

## रोड व नाली निर्माण की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**सिरोंज, देशबन्धु।** बुधवार को दो दर्जन के करीब वार्ड क्रमांक 1 इकरा कालोनी के रहवासियों ने एक ज्ञापन एसडीएम हर्षल चौधरी को सौंपकर इकरा कालोनी में नालीव रोड का निल्आमण कराने की मांग कि गयी। ज्ञापन में रहवासियों ने बताया कि कालोनी में रोड व नाली न होने से कालोनी में व्याप्त गंदगी से बीमारियां फैलने से अवगत कराकर कालोनी में नाली निर्माण की मांग कि गयी। इस दौरान बडी़ संख्या में रहवासी मौजूद रहे।

## किसानों ने कंपनी पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप



**विदिश, देशबन्धु।** बुधवार को ग्राम गंगरबाड़ा के किसान कलेक्टोरेट पहुंचे और उन्होंने एक कंपनी पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया। किसान ऋतिक बघेल, मनोज बघेल, विकास बघेल और यशवंत बघेल ने बताया कि उन्होंने 24 नवंबर को एक कंपनी के आकाश मीना, उनके साथी मुजफ्फर आलम को 525 क्विंटल धान बेचा था, लेकिन दो-तीन दिनों बाद ही धान को वापस कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त कंपनी से 3000 प्रति क्विंटल की दर से घर से धान ले जाने के लिए सौदा किया गया था और कंपनी द्वारा ट्रक भेजकर गांव से 24 नवंबर को धान की तुलाई कर धान भरकर ले गए थे, लेकिन पैमेंट सोमवार को देने की बात हुई थी। इसके बाद ही आकाश मीणा के कहने पर सुबह करीब 9 बजे ट्रक को ले जाने दिया गया, पैसा खातों में नहीं आया और पैसे का बोला गया तो कंपनी द्वारा माल वापिस कर दिया गया है। उन्होंने जिला प्रशासन को आवेदन देखकर उक्त कंपनी पर कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने कहा कि वर्तमान में मंडी में धान के रेट कम हो गए हैं। ऐसे में कंपनी द्वारा उनका माल वापस होने से उन्हें हजारों रुपए का नुकसान हो गया है। इस दौरान उन्होंने उक्त कंपनी को 3000 प्रति क्विंटल के हिसाब से धान बेचा था, लेकिन कंपनी ने धान वापिस कर दिया है। उन्होंने प्रशासन से कंपनी पर कार्रवाई करने की मांग की है।

### उदयपुर पहुंचकर किए नीलकंठेश्वर महादेव के दर्शन

# कलेक्टर ने अभियानों के क्रियान्वयन का लिया जायजा

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** बुधवार को जिले के कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बासौदा तहसील क्षेत्र के ग्रामों में भ्रमण कर शासन के संचालित महत्वपूर्ण अभियानों की क्रियान्वयन का स्थलीय जायजा लिया। वही भ्रमण के दौरान लाभान्वित हुए हितग्राहियों से संवाद किया है। कलेक्टर सिंह ने अम्बानगर ग्राम पंचायत में राजस्व महा अभियान की निहित बिंदुओं के क्रियान्वयन के संबंध में पूछताछ की। उन्होंने किसानों की ई-केवाईसी के कार्य हेतु सुगमता से किसानों को जानकारी मिल सके इसके लिए ग्राम पंचायत भवन की दीवार पर सुची चस्पा की गई है। उसमें कारणों को रेखांकित करने के निर्देश दिए हैं। इस से पहले कलेक्टर ने अम्बानगर चैराहे के समीप अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि पर गौवंश के लिए गौशाला की तर्ज पर किए जा रहे प्रबंधों का निरीक्षण किया है ।

**कॉलोनी की तर्ज पर आवासों का निर्माण:** कलेक्टर रोशन कुमार सिंह कंजना पठार क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के तहत निर्मित कराए गए आवासों का अवलोकन किया यहां उन्होंने कॉलोनी की तर्ज पर बनाया जा रहा है। आवासों से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों से व्यक्तिगत संवाद का उनसे अन्य योजनाओं के हितलाभों से प्राप्ति के संबंध में जानकारी प्राप्त की है इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा जो कालोनी डेव्हलप की है उसमे सभी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है उन्होंने हितग्राहियों से संवाद के दौरान पीएम किसान,



आयुष्मान समेत और क्या-क्या योजनाओ का लाभ मिल रहा है के संबंध में भी जाना है।

**फार्मर रजिस्ट्री का लाभ उठाएं:** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने उदयपुर के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास निरीक्षण के दौरान मीडिया से चर्चाके दौरान जिले के सभी कृषकबंधुओं से अपील की है कि वह शासन की योजनाओ का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री का लाभ अवश्य उठाए। चूंकि कृषक बंधुओं का शासन की किसी भी योजना का लाभ लेने के लिए पीएम किसान आईडी बनवाया जाना महत्वपूर्ण है इसके लिए वह स्थानीय स्तर पर मौजूद पटवारियों से सम्पर्क कर सभी आवश्यक जानकारियां व दस्तावेंज उपलब्ध कराएं। इसके अलावा उन्होंने ई केवायसी के संबंध में कहा कि सभी किसान बंधु, आधार और मोबाइल नम्बर अवश्य रूप से अपडेट रखें। खसरे को आधार एवं समग्र आईडी से लिंक कराएं। इस दौरान उन्होंने राजस्व महा अभियान तहत क्रियान्वित कार्यो के संबंध में भी मीडियाकर्मियों से जानकारियां सांझा करते हुए कहा कि राजस्व महा अभियान में सभी पात्रो को लाभ मिले इस दिशा में कार्य किए जा रहे है कोई भी शासन की योजना का लाभ लेने से वंचित ना रहे।

### नीलकंठेश्वर महादेव के किए दर्शन

जिले के कलेक्टर रोशन सिंह ने उदयपुर में भ्रमण के दौरान नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन किए इस दौरान मंदिर के पुजारी महेंद्र शर्मा ने विधि विधान से पूजन अर्चन कराकर कलेक्टर रोशन सिंह को 11वीं शताब्दी में नर्मित नीलकंठ महादेव मंदिर के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर एसडीएम विजय राय, तहसीलदार संदीप जायसवाल सहित अनेक अधिकारी व स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## ताप्ती तीरे

### सार-समाचार

## साक्षी तोमर का बास्केटबॉल महिला प्रतियोगिता में चयन

**हरदा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्रा कुमारी साक्षी तोमर का चयन राज्य स्तरीय और ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बास्केटबॉल महिला प्रतियोगिता के लिए हुआ है। कुमारी साक्षी तोमर ग्वालियर यूनिवर्सिटी में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी, इनका पहला मैच ग्वालियर यूनिवर्सिटी के साथ है।



संस्था के प्राचार्य डॉ अरुण कुमार सिकरवार, प्रशासकीय अधिकारी वीके विछोतिया, खेलकूद व क्रीड़ा प्रभारी डॉ सीपी गुप्ता, खेल अधिकारी राहुल सराठे, डॉ धीरा शाह, डॉ दीपिका सेठे, डॉ निर्मला डोंगरे, यशवंत अलावा आदि शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुमारी साक्षी तोमर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## दिसंबर प्रथम सप्ताह में रहटगांव मंडी शुरू करने के निर्देश

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने एसडीएम टिमरनी को निर्देश दिए हैं कि रहटगांव की कृषि उपज मंडी के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें । उन्होंने मंडी में किसानों से फसल खरीदी का कार्य यथाशीघ्र शुरू करने के लिए सभी आवश्यक तैयारी करने के लिए कहा है। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि रहटगांव में मंडी प्रारंभ करने की सूचना विधिवत जारी कर किसानों से कृषि उपज खरीदी का कार्य शीघ्र ही शुरू किया जाएगा।

एसडीएम टिमरनी महेश बडोले ने बताया कि रहटगांव की मंडी पिछले काफी समय से बंद है, अत: यहां किसानों से कृषि उपज खरीद का कार्य शुरू करने के लिए अगले एक सप्ताह में रहटगांव मंडी के लिए कर्मचारियों की व्यवस्था के साथ-साथ तौल कांटा से पर्ची प्रिंटिंग व्यवस्था चालू करने व परिसर में सीसीटीवी और साफ सफाई की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित कर ली जाएंगी। उन्होंने बताया कि रहटगांव मंडी में केवल तीन व्यापारी ही पंजीबद्ध हैं इसलिए टिमरनी मंडी के व्यापारियों से रहटगांव में कृषि उपज खरीदी शुरू करने के संबंध में चर्चा की जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी आवश्यक तैयारी कर दिसंबर माह के पहले सप्ताह में रहटगांव की कृषि उपज मंडी चालू करा ली जाएगी।

## समाजसेवी आशु बर्डे ऐजेएस बैतूल जिला उपाध्यक्ष मनोनीत

**बैतूल, देशबन्धु।** अंबेडकरी जनसेवा संगठन (ऐजेएस ) बैतूल के जिला उपाध्यक्ष के पद पर आमला तहसील के आशु बर्डे को नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष आशीष खातरकर की अनुमति से बैतूल जिला अध्यक्ष अमर अतुलकर ने की है।



नवनियुक्त उपाध्यक्ष श्री बर्डे ने बताया कि वह सामाजिक कार्यो एवं ऐजेएस में कार्यकर्ता के रूप में हमेशा सक्रिय है। संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन किया है, जिसको देखते हुए बैतूल जिला उपाध्यक्ष के पद की सौंपी गई है। अंबेडकरी जनसेवा संगठन बैतूल के जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर श्री बर्डे को संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने बधाई दी है। प्रदेश अध्यक्ष आशीष खातरकर ने बताया कि यह एक गैर राजनीतिक संगठन है और समाज एवं देश को मजबूती प्रदान करने की जिम्मेदारी युवाओं की होती है। युवा देश की रीढ़ है, इसलिए युवाओं से अपील है कि ऐजेएस से जुड़े, ताकि हम सभी मिलकर समाज व देश हित में कार्य कर सकें।

## जल संसाधन विभाग के डेम अवैध रूप से पानी ले रहे युवक कर रहा है दबंगई

**चिचोली, देशबन्धु।** भीमपुर ब्लॉक के जल संसाधन विभाग के डोडा जाम जलाशय से एक किसान द्वारा अवैध रूप से मोटर पंप लगाकर पानी लेने के मामले में विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। किसान ने मौके पर मौजूद अधिकारियों के साथ झुमा झटकी- गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने पुलिस को कार्रवाई को लेकर आवेदन दिया। विकासखंड भीमपुर के अंतर्गत डोडा जाम जलाशय में अवैध रूप से विद्युत मोटर पंप चलाने वाले डोडा राम निवासी गन्नू पिता मंजू यादव द्वारा अवैध रूप से रूप से पंप चल रहा था। मौके पर जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने पहुंचकर विद्युत मोटर पंप जमा करने को कहा। इस बात से गुस्साए गन्नू यादव ने विभाग के अधिकारियों के साथ झुमा झटकी -गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

## केंद्रीय विद्यालय में बाल वैज्ञानिकों ने बनाए 65 मॉडल्स

**बैतूल, देशबन्धु।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में विद्यालय स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का अनूठा प्रदर्शन करते हुए कुल 65 मॉडल प्रस्तुत किए। इस वर्ष प्रदर्शनी की थीम फूड एंड हेल्थ, ट्रांसपोर्ट एंड कम्युनिकेशन, नेचुरल फार्मिंग, डिजास्टर मैनेजमेंट, मैथेमेटिकल मॉडलिंग, वेस्ट मैनेजमेंट और रिसोर्स मैनेजमेंट थी। प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य आर. एन. पांडे ने किया। उन्होंने बच्चों के मॉडलों की सराहना करते हुए उनके प्रयासों को प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक अविनाश घोरसे और अर्पिता हजारे ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और उन्हें समाजोपयोगी समाधान खोजने के लिए प्रेरित करना था।

# सूदखोरों के जाल में फंसे गरीब आदिवासी किसान, कर्ज चुकाने के बाद भी नहीं लौटाई जा रही संपत्ति

### जयस के प्रदेश संयोजक ने एसपी से मिलकर इस समस्या से अवगत कराया

**बैतूल, देशबन्धु।** झल्लार थाना क्षेत्र में गरीब आदिवासी किसानों को सूदखोरों के चंगुल में फंसाकर उनकी मेहनत की कमाई और कृषि उपकरण हड़पने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। सूदखोरों की करतूतें आठनेर क्षेत्र के मामलों जैसी ही हैं, जहां किसानों से ट्रैक्टर और थ्रेसर लेकर उन्हें वापस करने से इनकार कर दिया जाता है। इस मामले में जयस के प्रदेश संयोजक जामवंत कुमरे ने एसपी से मिलकर इस गंभीर समस्या से अवगत कराया। कुमरे ने साक्ष्य के रूप में कई पीड़ित किसानों को भी अपने साथ लाकर उनकी व्यथा सुनाई।



जामवंत कुमरे ने बताया कि सूदखोर कर्ज चुकाने के बाद भी ट्रैक्टर और कृषि यंत्र वापस नहीं कर रहे हैं। ऐसे कई सूदखोर हैं जो आदिवासी किसानों को पैसे के नाम पर ठग रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में झल्लार थाना प्रभारी को भी शिकायत की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। पुलिस अधीक्षक से मिलकर इस मामले में कठोर कार्रवाई की मांग की गई है।

झल्लार निवासी लक्ष्मण अखंडे ने बताया कि उसने 25 अगस्त 2023 को जितेन्द्र राठौर को अपनी थ्रेसर मशीन दी थी, जिसे लौटाने से अब वह साफ इनकार कर रहा है और पैसे की मांग कर रहा है। अखंडे का कहना है कि राठौर अब यह भी दावा कर रहा है कि उसे कोई थ्रेसर मशीन दी ही नहीं गई। इसी तरह, बोथिया निवासी दिनेश बारस्कर ने बताया कि उसने 18 जनवरी 2024 को हिडंबा थ्रेसर जितेन्द्र राठौर को दी थी, लेकिन पैसे चुकाने के बाद भी वह थ्रेसर लौटाने को तैयार नहीं है। राठौर का कहना है कि थ्रेसर किसी और को दे दी गई है और उसे वापस मिलने पर ही लौटाएगा।

सायगोहान निवासी वासुदेव लोखंडे ने भी आरोप लगाया कि राजेश विजयकर नामक सूदखोर ने उनसे 6 जून 2024 को दो माह के लिए ट्रैक्टर लिया था। पैसे लौटाने के बावजूद अब वह 10 हजार रुपए अतिरिक्त मांग रहा है और पैसे न मिलने पर ट्रैक्टर लौटाने से मना कर रहा है।

नांदा निवासी सूरज मौसिक ने बताया कि उन्होंने बाबूलाल सोनाजी लोखंडे और कैलाश छोटू जालवकर को अपना ट्रैक्टर मुंडा मैसी 241 क्रमांक एमपी 48-एए 4948 दिया था। पैसे लौटाने के बाद भी ये दोनों ट्रैक्टर वापस नहीं कर रहे हैं। जयस के प्रदेश संयोजक जामवंत कुमरे ने कहा कि एसपी से मिलकर सूदखोरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। एसपी ने भरोसा दिलाया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि गरीब किसानों को न्याय मिल सके।

## बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई

**बैतूल, देशबन्धु।** जनपद पंचायत सभा कक्ष में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायाधीश डॉ. महजबीन खान और जिला विधिक सहायता अधिकारी सोमनाथ राय ने प्रतिभागियों को बाल विवाह निषेध अधिनियम की जानकारी दी और बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी अधिकारी, पर्यवेक्षक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान बाल विवाह जैसी कुप्रथा के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई और सभी ने समाज को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लिया।




## थाना प्रभारी द्वारा पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार, संघ ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**हरदा, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अनिल गुर्जर द्वारा पत्रकार के साथ किए गए दुर्व्यवहार के खिलाफ पत्रकार संघ हरदा ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

घटना के अनुसार पत्रकार शाहरुख बाबा जुआ खेलते हुए पकड़े गए 12 लोगों की खबर संकलन के लिए सिटी कोतवाली पहुंचे थे। इस दौरान थाना प्रभारी ने पत्रकार के साथ अपमानजनक व्यवहार करते हुए उन्हें थाने के अंदर आने से मना कर दिया और बाहर निकलने को कहा। थाना प्रभारी के इस व्यवहार से जिले के पत्रकारों में असंतोष और आक्रोश है। वरिष्ठ पत्रकार डी.एच. चौहान ने इसे निंदनीय घटना बताते हुए कहा कि पुलिस और पत्रकारों के बीच सकारात्मक सहयोग का रिश्ता होना चाहिए, लेकिन ऐसे व्यवहार से यह संबंध प्रभावित होता है।





पत्रकार संघ ने मांग की है कि थाना प्रभारी अनिल गुर्जर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। ज्ञापन सौंपने के दौरान पत्रकारों ने प्रशासन से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि पत्रकारों के मान-सम्मान और स्वतंत्र कार्य में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो। पत्रकार संघ ने इस घटना को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की गरिमा के खिलाफ बताते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन देते समय वरिष्ठ पत्रकार डी.एस चौहान, रामविलास कैरवार, अब्दुल समद, स्वदेश गंगवाल, अतुल मालवीय, शलीम शाह, अर्जुन देवड़ा, कपिल घाटे, प्रमोद सोमानी, मोहन गुर्जर, शाहरुख बाबा, जुबेर खान, सौरभ औसले, सुनील राठौर, लौकेश जाट, अमजद मंसूरी, गोपाल शुक्ला, कार्तिक ओनकर, वसीम खान सहित अन्य पत्रकार मौजूद थे।

## मेहरा समाज समिति ने संविधान दिवस पर निकाला जुलूस, विधायक हुए शामिल

### संविधान की प्रति देकर अतिथियों का किया सम्मान

**बैतूल, देशबन्धु।** संविधान दिवस पर मेहरा समाज समिति द्वारा केसर बाग में आयोजित कार्यक्रम में संविधान की प्रतियां भेंट कर अतिथियों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमला-सारनी विधायक योगेश पंडाग्रे, विशिष्ट अतिथि बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, बैतूल एसपी निश्चल झरिया, प्रदेश अध्यक्ष बृजेश वट और कार्यकारी अध्यक्ष जोगेश्वर सुरजे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक निश्चल झरिया, संतू सूर्यवंशी, बृजेश वट और अन्य प्रांतीय पदाधिकारियों द्वारा बाबासाहेब अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। पुलिस अधीक्षक निश्चल झरिया ने अपने संबोधन में कहा, तक हम शिक्षा के स्तर को नहीं सुधारेंगे, तब तक हमें समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।



मेहरा समाज समिति जिला अध्यक्ष संतू सूर्यवंशी और जिला युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष चंद्रभान बडौड़े के नेतृत्व में नेहरू पार्क चौक पर डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस का भव्य आयोजन हुआ। इसके बाद एक विशाल जुलूस निकाला गया जो बस स्टैंड चौक, कलेक्टर ऑफिस के सामने स्थित संविधान चौक होते हुए केसर बाग पहुंचा, जहां मुख्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सुनीता बम्हनिया, प्रोफेसर संगीता बामने, कंचन सूर्यवंशी, राजकुमारी बामने, अतिरिक्त कार्यकारी अध्यक्ष अशोक नागले, प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश बेले, अनुशासन समिति के नोडल अधिकारी जी.सी. पुर्वे, शिशा प्रकोष्ठ अध्यक्ष गंगाराम घुडाले, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बिसोने, प्रदेश प्रवक्ता छन्नू बेले, जिला मुख्य संरक्षक चंद्रकिशोर बेले, जिला सचिव जगदीश कोगे, जिला कोषाध्यक्ष गोपाल बिहारे, जिला महामंत्री रंजीत बेले, जिला उपाध्यक्ष विमल बचले, महेश बामने, महेश बेले, रम्मू बेले, डॉ.भूतासिंह बडौदे, विकास बिसोने, मुकेश पंडोले, जिला मंत्री संदीप सूर्यवंशी, तारेंद्र बचले, अशोक कुमार बचले, चम्पालाल बडौदे, आकाश कुदारे, एडीओ जे.पी. कुदारे, जिला पंचायत सदस्य सरस्वती नागले, लखन नागले, रमेश उपराले, अजय सोने, शंकर चवरिया, सुखदेव बामने, रोशन सूर्यवंशी, लल्लू बामने, हरेंद्र उपराले, हलसेन नागले और अजय बचले मौजूद रहे। भैंसदेही ब्लॉक अध्यक्ष चोलाराम ऑठोले, भीमपुर ब्लॉक अध्यक्ष सहदेव पाटिल, मुलताई ब्लॉक अध्यक्ष हरेंद्र उपराले, आठनेर ब्लॉक अध्यक्ष लल्लू बामने, चिचोली ब्लॉक अध्यक्ष हलसेन नागले, आमला ब्लॉक अध्यक्ष अजय बचले, पट्टन ब्लॉक अध्यक्ष दौलत बिहारे ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

**जिलाध्यक्ष ने किया अतिथियों का सम्मान** - कार्यक्रम के अंत में संतू सूर्यवंशी ने सभी अतिथियों को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संविधान की प्रति भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पूरे जिले से आई मातृशक्ति, बुजुर्गों, युवाओं और समाजबंधुओं ने इस आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## अथर्ववेद और शुक्ल यजुर्वेद में हैं जम्भेश्वर भगवान के अवतार का उल्लेख -डा. गोवर्धनराम

### हवन- यज्ञ के साथ विश्नोई समाज के पांच दिनी अगहन महोत्सव शुरू

**हरदा, देशबन्धु।** नीमगांव स्थित श्रीगुरु जम्भेश्वर में बुधवार सुबह हवन यज्ञ के साथ विश्नोई समाज के पांच दिवसीय अगहन महोत्सव की शुरुआत की गई। मंदिर परिसर में बने हवन कुंड में समाज के लोगों और संतों ने आहुतियां दी। भगवान जम्भेश्वर के 120 शब्दों का उच्चारण कर पर्यावरण शुद्धि के लिए हवन किया। इसके बाद दोपहर डेढ़ बजे से आचार्य संत डा. गोवर्धनराम शिक्षा शास्त्री ने जाम्भाणी हरिकथा का वाचन शुरू किया।

कथा वाचक डा. गोवर्धनराम ने सबसे पहले श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवा गीत की प्रस्तुति दी। श्रीकृष्ण और श्रीगुरु जम्भेश्वर भगवान का जयकारा लगाया। विश्व कल्याण की कामना करते हुए कथा का वाचन शुरू किया। उन्होंने कहा कि जम्भेश्वर भगवान की कृपा से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अगहन उत्सव के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय जाम्भाणी हरिकथा यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसी माध्यम से हम सब को हरिकथा करने का शुभ अवसर मिलने जा रहा है। जब जीव के शुभ कर्मों का प्राकट्य होता है तब ही जग से मन हटाकर जगदीश्वर से मन लगाने का शुभ अवसर मिलता है। जाम्भाणी परंपरा में हम हरिकथा की चर्चा करते हैं। इस मध्यक्षेत्र में भागवत कथा का बहुत बड़ा प्रचलन है। रामचरितमानस की कथाएं भी होती हैं, लेकिन यहां बैनर पर जो आपने नाम सुना वो है जाम्भाणी हरिकथा। इस शीर्षक से हमारा तात्पर्य क्या है। प्रहलाद पंथी सद्गुरु भगवान जाम्भोजी को साक्षात श्रीहरि भगवान विष्णु का अवतार मानते हैं।





## सवालमेंढा के युवा ने बढ़ाया बैतूल का मान

### धीरज शिवहरे को मिला लीडर ऑफ चेंज सम्मान

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले के सवालमेंढा के युवा धीरज शिवहरे ने मुंबई में आयोजित स्टार एजुकेशन अवार्ड 2024 के समापन समारोह में लीडर ऑफ चेंज पुरस्कार प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। यह सम्मान उन्हें उनके द्वारा विकसित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल के लिए प्रदान किया गया, जो शोध और शिक्षा क्षेत्र में शोधकर्ताओं और शिक्षकों के कार्यों को सरल और प्रभावी बनाता है।



समारोह में द कोडिंग बी की सीईओ खुशबू चोपड़ा ने धीरज शिवहरे को यह सम्मान प्रदान किया। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में देश-विदेश से आए शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों ने भाग लिया। धीरज शिवहरे का सत्र कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें उन्होंने अपने एआई टूल के उपयोग और उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह टूल शोधकर्ताओं को बड़े डेटा सेट का विश्लेषण करने और त्रुटियों की पहचान करने में मदद करता है, जिससे उनके कार्य अधिक तेज़ और सटीक हो जाते हैं। उन्होंने एआई के उपयोग को शिक्षा और शोध के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले शिक्षाविदों ने उनके तकनीकी नवाचार की सराहना की और इसे शोध कार्यों के लिए अत्यंत उपयोगी उपकरण माना।

## सेमी फाइनल में पहुंची डीसीए सीनियर

### आज डीसीए बी और हरदा के मध्य खेला जाएगा आखिरी क्वार्टर फाइनल

**बैतूल, देशबन्धु।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम कोठी बाजार में आयोजित स्मृति कप 2024 में बुधवार को डीसीए सीनियर और सिंसियर इटारसी के मध्य मैच खेला गया।



संगठन के सचिव व मैच ऑब्जर्वर अनिल दीक्षित ने बताया कि दोनों टीमों से परिचय बैतूल के वरिष्ठ खिलाड़ी महेंद्र सिंह तोमर, नरेश शर्मा और रामप्रसाद सोनी (पूर्व खेल प्रशिक्षक) ने मैदान पर उपस्थित होकर सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। टॉस वरिष्ठ पत्रकार सुनील द्विवेदी द्वारा किया गया। टॉस जीतकर डीसीए के कप्तान मोइज मंसूरी ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डीसीए 20 वे ओवर की आखिरी गेंद पर 202 रनों पर ऑल आउट हो गई। टीम के टॉस स्कोरर, टीम की नैया पार लगाने वाले मनोज दहीकर रहे जिन्होंने 34 गेंद पर छह चौकों और चार छक्कों की मदद से 65 रन बनाएं। अनुराग और चिंकी यादव ने उनका भरपूर साथ निभाया। अनुराग ने 35 तथा चिंकी यादव ने 31 रन बनाए जबकि भानू ने 32 रन का योगदान टीम को दिया। इटारसी की ओर से शुभम ने चार ओवर में 33 रन देकर सर्वाधिक चार विकेट झटके जबकि दो-दो विकेट निखिल और निखिल जूनियर ने लिए। डॉ. नितिन देशमुख और जगेंद्र तोमर ने बताया कि 202 रनों का लक्ष्य हासिल करने में इटारसी की टीम ने लड़खड़ाती शुरुआत की।

## अजाक्स में नियुक्तियों पर विवाद, प्रांताध्यक्ष ने जारी किया निरस्तीकरण आदेश

**बैतूल, देशबन्धु।** अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स ) में वैधानिकता को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। संगठन के प्रांताध्यक्ष चौधरी मुकेश मौर्य ने 25 नवंबर को जारी आदेश में संभागीय अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष पद पर की गई नियुक्तियों को असंवैधानिक बताते हुए उन्हें निरस्त कर दिया है। इन नियुक्तियों को अजाक्स के पूर्व प्रांताध्यक्ष जे.एन. कांसोटिया ने जारी किया था, लेकिन रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएँ भोपाल द्वारा केवल मौजूदा प्रांतीय कार्यकारिणी और प्रांताध्यक्ष को वैधानिक मान्यता प्राप्त है।

प्रांतीय अध्यक्ष चौधरी मुकेश मौर्य ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि पूर्व अध्यक्ष अनिल कापसे को नर्मदापुरम संभाग का संभागीय अध्यक्ष और दशरथ धुर्वे को बैतूल जिले का कार्यवाहक जिलाध्यक्ष नियुक्त किया जाना संगठन के संविधान के विपरीत है। इसलिए इन नियुक्तियों को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है। आदेश में चेतावनी दी गई है कि यदि ये नियुक्ति आदेश किसी भी प्रकार से लागू किए गए या इनके माध्यम से अजाक्स से संबंधित कोई गतिविधि संचालित की गई तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कुनबी समाज के अध्यक्ष दिनेश मस्की की माताजी की अंत्येष्टि आज



**बैतूल, देशबन्धु।** क्षत्रिय लोन्हारी कुनबी समाज के जिला अध्यक्ष दिनेश मस्की,राजेश मस्की,उमेश मस्की एवं लक्ष्मीकांत मस्की की माताजी तथा महादेव मस्की की पत्नी श्रीमती सुशीला बाई (76) का बुधवार दोपहर निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार सुबह दस बजे निज निवास मानस नगर बैतूल से मोक्षधाम गंज के लिए निकलेगी। सुशीला बाई मस्की के निधन पर जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, पत्रकारों एवं गणमान्य नागरिकों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## किसानों को सोयाबीन उपार्जन का भुगतान शुरू

**हरदा, देशबन्धु।** उपसंचालक कृषि संजय यादव ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत सोयाबीन उपार्जन हेतु जिले में 21 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए है। उपार्जन के लिए 4388 कृषकों द्वारा स्लॉट बुक कराया गया था जिसमें से अब तक 1840 कृषकों से 5444.59 मैट्रिक टन सोयाबीन, उपार्जन केन्द्रों पर खरीदी जा चुकी है ।उन्होंने बताया कि इसके लिए किसानों को भुगतान अब शुरू हो गया है। अब तक जिले के 258 कृषकों को कुल 3.16 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। उप संचालक कृषि श्री यादव ने बताया कि शासन द्वारा प्रतिदिन प्रति किसान 25 क्विंटल के स्थान पर 40 क्विंटल सोयाबीन उपार्जन करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

# कलेक्टर ने स्कूल, अस्पताल, आंगनवाड़ी और उचित मूल्य की दुकानों का किया निरीक्षण

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को टिमरनी विकासखंड के ग्राम करताना, नौसर, पोखरनी, गोंदागांव खुर्द का दौरा कर वहाँ संचालित आंगनवाड़ी केंद्र, अस्पताल, स्कूल और उचित मूल्य की दुकानों का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं को सुधारने के संबंध में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने टिमरनी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर उपस्थित विकासखंड चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि अस्पताल में सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था सही रखें। उन्होंने अस्पताल से संबंधित महिला सुरक्षा समिति की बैठक समय-समय पर करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने इस दौरान कहा कि अस्पताल में महिलाओं से संबंधित वार्डों के बाहर सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र का भी निरीक्षण किया और वहाँ भर्ती कुपोषित बच्चों की माता से चर्चा कर पोषण पुनर्वास केंद्र की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने पोस्ट मैट्रिक छात्रावास टिमरनी का भी निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित मीनू के अनुसार बच्चों को गुणवत्ता युक्त भोजन दिया जाए। उन्होंने छात्रावास परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए भी कहा। उन्होंने छात्रावास के विद्यार्थियों के लिए पुस्तकालय की व्यवस्था करने के निर्देश जिला संयोजक को दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने छात्रावास परिसर की साफ सफाई के संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होने एसडीएम श्री बडोले को अस्पताल व छात्रावासों का समय-समय पर निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए।



कलेक्टर श्री सिंह ने पोखरनी में सोयाबीन उपार्जन केंद्र का भी निरीक्षण किया और वहां उपस्थित किसानों से चर्चा कर वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में पूछताछ की। उन्होंने किसानों को उपार्जन के लिए सोयाबीन सुखाकर लाने की समझाएं दी। कलेक्टर श्री सिंह ने पोखरनी के एकीकृत हाई स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में अव्यवस्था पाए जाने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल की कक्षा में जाकर विद्यार्थियों से भी चर्चा की और उनसे शिक्षकों की उपस्थिति, निशुल्क पुस्तक वितरण, गणवेश वितरण व साइकिल वितरण के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने पोखरनी के आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण भी किया और आंगनबाड़ी के बच्चों को बिस्किट टॉफी वितरित किए। पंचायत सचिव को कलेक्टर श्री सिंह ने गांव में साफ सफाई व्यवस्था सुधारने के संबंध में निर्देश दिए।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| अडानी पोर्ट्स | 6.29 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 2.09 प्रतिशत |
| एचडीएफ़सी बैंक | 1.43 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.28 प्रतिशत |
| मारुति | 1.24 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाइटन | 0.77 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.73 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.61 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.59 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.58 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 77,403 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 92,500 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 84.44 | 84.51 |
| पौंड स्टर्लिंग | 106.21 | 106.45 |
| यूरो | 88.45 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 7400-7500 |
| दाल चना | 8250-8350 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10400-10500 |
| मूंग दाल | 9400-9500 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# भारत व ब्रिटेन को एआई, टेली-मेडिसिन व एग्री-टेक में सहयोग की जरूरत : गोयल

**सहयोग से लाखों लोगों के जीवन में आएगा सुधार**

**नई दिल्ली**, 27 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि भारत और ब्रिटेन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), टेली-मेडिसिन, जलवायु मॉडलिंग और एग्री-टेक जैसे सेक्टर में आगे सहयोग करने की क्षमता है। इस सहयोग से दोनों देशों के लाखों लोगों के जीवन में सुधार आएगा। राष्ट्रीय राजधानी में यूके इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूकेआईबीसी) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने ऐसे सेक्टर को लेकर अपनी बात रखी, जहां दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय साझेदारी न केवल आर्थिक विकास और समृद्धि को बढ़ावा देगी, बल्कि ब्रिटेन, भारत और दुनियाभर में लोगों के जीवन में भी सुधार के लिए महत्वपूर्ण होगी।

वाणिज्य मंत्री ने सभा को बताया कि एआई और वर्चुअल रियलिटी सहयोग एजुकेशन और ट्रेनिंग को बदल सकता है। टेली-मेडिसिन साझेदारी ब्रिटेन में स्वास्थ्य सेवा की लागत को कम कर सकती है और भारत के दूरदराज के इलाकों में बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करा सकती है।

उन्होंने कहा कि दोनों देश जलवायु मॉडलिंग टूल्स विकसित करने के लिए भी मिलकर काम कर सकते हैं, ताकि दुनिया को प्राकृतिक आपदाओं का बेहतर पूर्वानुमान लगाने और उनका प्रबंधन करने में मदद मिल सके।

केंद्रीय मंत्री ने उत्पादकता बढ़ाने के लिए फार्मिंग टूल्स और अवशेष मुक्त खेती के उपयोग सहित एग्री-टेक के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

यूकेआईबीसी ने 'यूके-इंडिया टेक्नोलॉजी फ्यूचर्स रिपोर्ट' भी लॉन्च की, जिसमें भारत-यूके टेक्नोलॉजी साझेदारी को प्रदर्शित किया गया, जो न केवल दोनों देशों में रोजगार और आर्थिक विकास पैदा कर रही है, बल्कि हमारे जीने के तरीके को भी बदल रही है।



एआई व वर्चुअल रियलिटी सहयोग एजुकेशन और ट्रेनिंग को बदल सकता है : पीयूष गोयल

## कार्स24 का नुकसान वित्त वर्ष 24 में 498 करोड़ रुपए रहा

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन सेकंड हैंड कार रिटेलर प्लेटफॉर्म कार्स24 का नुकसान वित्त वर्ष 24 में 6.4 बढ़कर 498 करोड़ रुपए हो गया है। वित्त वर्ष 23 में यह 468 करोड़ रुपए था। कंपनी के खर्च में वित्त वर्ष 24 में बढ़ोतरी देखने को मिली है और यह सालाना आधार पर 23.3 प्रतिशत बढ़कर 7,461 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 6,053 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 24 में कार्स24 की ओर से सबसे अधिक 6,106 करोड़ रुपये गाड़ियां खरीदने पर खर्च किए गए हैं। इसमें सालाना आधार पर 23.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और यह कुल लागत का 81.8 प्रतिशत है। इसके अलावा बाकी राशि एंम्पलॉय बेनिफिट, विज्ञापन, लीगल, ब्रोकर्स को कमीशन और अन्य मदों पर खर्च किए गए हैं।



## भारत का दूध उत्पादन 2023-24 में 4 प्रतिशत बढ़ा



- सरकार ने राष्ट्रीय दुग्ध दिवस 2024 पर पशुपालन सांख्यिकी जारी की
- अंडा उत्पादन में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है भारत

**नई दिल्ली**, 27 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत का दूध उत्पादन 2023-24 में 4 प्रतिशत बढ़कर 239.3 मिलियन टन हो गया है। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने हाल ही में यह जानकारी दी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दूध की प्रति व्यक्ति उपलब्धता भी 2022-23 में 459 ग्राम प्रतिदिन से बढ़कर 2023-24 में 471 ग्राम प्रतिदिन हो गई है। उन्होंने कहा कि भारत के दूध उत्पादन में औसत वृद्धि दुनिया के औसत 2 प्रतिशत के मुकाबले 6 प्रतिशत रही है।

सरकार ने राष्ट्रीय दुग्ध दिवस 2024 के अवसर पर बुनियादी पशुपालन सांख्यिकी 2024 जारी की, जिसे हर साल 26 नवम्बर को श्वेत क्रांति के जनक वर्गीज कुरियन के सम्मान में मनाया जाता है, जिनका जन्म इसी दिन हुआ था।

राष्ट्रीय दुग्ध दिवस मनाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्पादकता में सुधार के कारण 2023-24 में दूध उत्पादन बढ़कर लगभग 239 मिलियन टन हो गया है।

रिपोर्ट के अनुसार विदेशी/संकर नस्ल मवेशियों से दूध उत्पादन में 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और पिछले वर्ष की तुलना में 2023-24 में देशी मवेशियों से दूध उत्पादन में 44.76 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, 2023-24 में कुल अंडा उत्पादन 3.17 प्रतिशत बढ़कर 142.77 बिलियन हो गया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रति व्यक्ति अंडे की उपलब्धता 103 अंडे प्रति वर्ष है। अंडा उत्पादन में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मांस उत्पादन में 4.95 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और 2023-24 में 10.25 मीट्रिक टन तक पहुंचने का अनुमान है।

## पेंशनधारियों को जारी किए गए डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र एक करोड के पार



**नई दिल्ली**, 27 नवम्बर (एजेंसियां)। पेंशनधारियों और बुजुर्ग नागरिकों की सुविधा के लिए शुरू किए गए डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्रों (डीएलसी) की संख्या ने अभियान डीएलसी 3.0 के तहत एक करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने हाल ही में यह जानकारी दी।

कार्मिक,लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह मील का पत्थर बुजुर्ग नागरिकों के लिए जीवन को आसान बनाने में एक लंबा रास्ता तय करेगा और पीएम नरेंद्र मोदी के विजन को पूरा करेगा, जैसा कि उन्होंने पिछले रविवार को मन की बात के हालिया एपिसोड में व्यक्त किया था। मन की बात के 116वें एपिसोड में पीएम मोदी ने कहा था कि अब डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा मिलने से चीजें बहुत सरल हो गई हैं; बुजुर्गों को बैंक जाने की जरूरत नहीं है। बुजुर्गों को तकनीक के कारण किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। बुजुर्गों को तकनीक के प्रति जागरूक बनाने जैसे प्रयासों से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र पाने वालों की संख्या 80 लाख के आंकड़े को पार कर गई है।

# हाइड्रोजन को बढ़ावा देने की पहल के लिए गेल को किया सम्मानित

**गेल को मध्य प्रदेश में 4.3 टीपीडी ग्रीन हाइड्रोजन पायलट परियोजना को लागू करने के लिए मिला पुरस्कार**

**नई दिल्ली**, 27 नवम्बर (देशबन्धु)। गेल (इंडिया) लिमिटेड को यहां आयोजित प्रतिष्ठित एफआईपीआई ऑयल एंड गैस अवार्ड्स 2023 में हाइड्रोजन को बढ़ावा देने की पहल के लिए वर्ष की सर्वश्रेष्ठ कंपनी का पुरस्कार मिला है। माननीय केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप एस. पुरी ने कल गेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संदीप कुमार गुप्ता को यह पुरस्कार प्रदान किया।

इस अवसर पर माननीय केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री श्री सुरेश गोपी तथा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में सचिव श्री पंकज जैन भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में गेल के निदेशक (वित्त) श्री आर.के. जैन, निदेशक (परियोजनाएं) श्री दीपक गुप्ता और निदेशक (मानव संसाधन) श्री आयुष गुप्ता उपस्थित थे।




यह पुरस्कार हाइड्रोजन के क्षेत्र में प्रगति के लिए गेल के महत्वपूर्ण योगदान तथा पर्याप्त पूंजीगत निवेश और अनुसंधान एवं विकास में प्रगति के माध्यम से हाइड्रोजन के क्षेत्र में पहल के लिए दिया जाता है। यह पुरस्कार, नवीन और टिकाऊ ऊर्जा समाधानों के साथ स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और ऊर्जा सुरक्षा के लिए भारत की आकांक्षा को आगे बढ़ाने के लिए गेल की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। गेल को यह पुरस्कार विजयपुर (मध्य प्रदेश) में 4.3 टीपीडी ग्रीन हाइड्रोजन पायलट परियोजना को लागू करने के लिए मिला है। यह पायलट परियोजना गेल की नेट जीरो यात्रा में एक आधारशिला है और भारत सरकार के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (एनएचजीएम) के साथ संरेखित है।

## सार संक्षेप

### डॉलर की मजबूती से रुपया 10 पैसे लुढ़का

**मुंबई।** नवम्बर के मासिक वायदा सौदा निपटान और आयातकों के माह के अंत में भुगतान के लिए मजबूत डॉलर मांग के कारण आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 10 पैसे लुढ़ककर 84.40 रुपए प्रति डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 84.30 रुपए प्रति डॉलर पर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया 12 पैसे की बड़ी गिरावट लेकर 84.42 रुपए प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान आयातकों एवं बैंकरों की लिवाली के दबाव में 84.48 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं, बिकवाली होने से यह 84.39 रुपए प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 84.30 रुपए प्रति डॉलर की तुलना में 10 पैसे लुढ़ककर 84.40 रुपए प्रति डॉलर रह गया।

### कल खुलेगा सुरक्षा डायग्नोस्टिक का आईपीओ

**अहमदाबाद।** सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 29 नवम्बर को खुलेगा। कंपनी की ओर से बुधवार को यहां जारी बयान के अनुसार आईपीओ) शुक्रवार, 29 नवम्बर को खुलेगा। एंकर निवेशक बोली लगाने की तिथि गुरुवार, 28 नवम्बर है। बोली/प्रस्ताव बंद होने की तिथि मंगलवार, तीन दिसंबर है। प्रस्ताव का प्राइस बैंड 420 से 441 रुपए प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 34 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 34 इक्विटी शेयरों के गुणकों के लिए बोलियां लगाई जा सकती हैं। आरंभिक सार्वजनिक पेशकश 19,189,330 इक्विटी शेयरों की बिक्री के लिए एक प्रस्ताव है, जिसमें डॉ. सोमनाथ चटर्जी द्वारा 2,132,148 इक्विटी शेयर, रितु मित्तल द्वारा 2,132,148 इक्विटी शेयर, सतीश कुमार वर्मा द्वारा 2,132,148 इक्विटी शेयर, मुन्ना लाल केजरीवाल द्वारा 799,556 इक्विटी शेयर और संतोष कुमार केजरीवाल द्वारा 1,332,593 इक्विटी शेयर शामिल हैं।

### जुलाई-सितम्बर में उच्चतम स्तर पर रहा पीसी बाजार

**नई दिल्ली।** भारत के पारंपरिक पीसी बाजार (डेस्कटॉप, नोटबुक और वर्कस्टेशन) ने इस साल जुलाई-सितम्बर अवधि में 4.49 मिलियन यूनिट की बिक्री की, जो तिमाही आधार पर 0.1 प्रतिशत अधिक है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इंटरनेशनल डेटा कॉरपोरेशन (आईडीसी) की रिपोर्ट के अनुसार, ई-कॉमर्स बिक्री आमतौर पर अक्टूबर के दूसरे सप्ताह के आसपास शुरू होती है, इस बार सितम्बर के अंत में शुरू हुई, जिससे पीसी शिपमेंट में उछाल आया। आईडीसी इंडिया और साउथ एशिया के रिसर्च मैनेजर भरत शेनॉय ने कहा कि ब्रांडों ने भारी छूट, कैशबैक और बंडल एक्सेसरीज की पेशकश कर ई-टेल बिक्री का लाभ उठाया। उन्होंने कहा कि कई ब्रांड ने अपने ब्रांड स्टोर और बड़े फॉर्मेट रिटेल स्टोर (एलएफआर) जैसे ऑफलाइन चैनलों में भी कीमतों को समान रखा, जिससे यह इतिहास की दूसरी सबसे बड़ी उपभोक्ता तिमाही रही।


# लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में तेजी

- सेंसेक्स 230.02 अंक उछलकर 80,234.08 पर रहा
- निफ्टी 80.40 अंक चढ़कर 24,274.90 पर बंद

**मुंबई**, 27 नवम्बर (एजेंसियां)। अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) के अडानी समूह के निदेशकों गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी और वरिष्ठ अधिकारी विनीत जैन पर अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) के कोई रिश्वतखोरी का आरोप नहीं होने के स्पष्टीकरण के बाद यूटिलिटीज, पावर, सर्विसेज, इंडस्ट्रियल्स और दूरसंचार समेत अठारह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में तेजी रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 230.02 अंक उछलकर 80,234.08 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 80.40 अंक चढ़कर 24,274.90 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.34 प्रतिशत मजबूत होकर 45,957.59 अंक और स्मॉलकैप 1.18 प्रैशत की छलांग लगाकर 54,560.93 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान बीएसई में कुल 4040 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2593 में लिवाली जबकि 1338 में बिकवाली हुई वहीं 109 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 25 कंपनियों में तेजी जबकि 25 अन्य




कंपनियों में गिरावट रही। एजीईएल ने बुधवार को शेयर बाजार को बताया कि अडानी समूह के निदेशक गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी और वरिष्ठ अधिकारी विनीत जैन पर अमेरिकी डीओजे द्वारा कोई रिश्वतखोरी का आरोप नहीं है। इसके बाद अडानी समूह की कंपनियों के शेयर क़रीब 20 प्रतिशत तक चढ़ गए।

इससे बाजार को बल मिला और बीएसई के 18 समूहों में तेजी आ गई। इस दौरान यूटिलिटीज 3.11, पावर 2.74, कमोडिटीज 1.05, सीडी 0.51, ऊर्जा 0.68, एफएमसीजी 0.46, वित्तीय सेवाएं 0.50, इंडस्ट्रियल्स 1.35, दूरसंचार 1.17, ऑटो 0.43, कैपिटल गुड्स 1.13, तेल एवं गैस 0.86 और सर्विसेज समूह के शेयर 2.53 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.17, हांगकांग का हैंगसेंग 2.32 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.53 प्रतिशत उछल गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.52 और जापान के निक्केई में 0.80 प्रतिशत की गिरावट रही। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 117 अंक की तेजी के साथ 80,121.03 अंक पर खुला लेकिन भारी बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 79,844.49 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में अडानी पोर्ट्स 6.29, एनटीपीसी 2.09, एचडीएफ़सी बैंक 1.43, बजाज फाइनेंस 1.28, मारुति 1.24, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.74, टेक महिंद्रा 0.57, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.55, एक्सिस बैंक 0.53, बजाज फिन सर्व 0.35, नेस्ले इंडिया 0.32, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.31, अल्ट्रासिमको 0.23, इंफ़ोसिस 0.21, टाटा मोटर्स 0.14, पावरग्रिड 0.09, टाटा स्टील 0.03 और भारती एयरटेल 0.01 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, टाइटन 0.77, इंडसइंड बैंक 0.73, एसबीआई 0.61, सन फार्मा 0.59, एशियन पेंट 0.58, टीसीएस 0.45, एचसीएल टेक 0.45, आईसीआईसीआई बैंक 0.25, रिलायंस 0.20, एलटी 0.12, आईटीसी 0.03 और कोटक बैंक के शेयर 0.01 प्रतिशत नुकसान में रहे।

## आईआरसीटीसी का एक्सक्लूसिव ब्लैक फ्राइडे ऑफर कल




**ब्लैक फ्राइडे डील यात्रियों को कराती है पर्याप्त बचत**


**नई दिल्ली**, 27 नवम्बर (देशबन्धु)। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) ने 29 नवंबर को 'बिग ब्लैक फ्राइडे ऑफर' की घोषणा की है। इस दिन आईआरसीटीसी ग्राहकों को आईआरसीटीसी एयर वेबसाइट या मोबाइल ऐप के माध्यम से की गई सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ान बुकिंग के लिए सुविधा शुल्क पर शत प्रतिशत छूट दी जाएगी।

आईआरसीटीसी ने अपने ग्राहकों के लिए साल में एक बार इस विशेष छूट पर उड़ान बुक करने का अवसर प्रदान किया है। आईआरसीटीसी ग्राहकों को आईआरसीटीसी एयर वेबसाइट या मोबाइल ऐप के माध्यम से की गई सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ान बुकिंग के लिए सुविधा शुल्क पर तत्काल 100 फीसदी छूट दी जाएगी।

ब्लैक फ्राइडे साल के सबसे प्रतीक्षित खरीदारी दिनों में से एक है और आईआरसीटीसी, यात्रियों को कम कीमत पर अपनी भविष्य की छुट्टियों की योजना बनाने का अवसर प्रदान करने के लिए उत्साहित है। चाहे आखिरी मिनट की छुट्टियों की यात्रा हो या गर्मी की छुट्टियों की योजना बनाना हो, आईआरसीटीसी सर्वोत्तम मूल्य प्रदान करने के लिए मौजूद है।

## खाद्य तेलों में टिकाव, मसूर व अरहर दाल सस्ती, चावल महंगा

**नई दिल्ली**, 27 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि मसूर दाल और अरहर दाल सस्ती हो गई वहीं चावल के भाव चढ़ गए।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 76 रिंगिट चढ़कर 4927 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.19 सेंट की गिरावट के साथ 42.52 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस औरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में मसूर दाल और अरहर दाल में 100-100 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।


**अनाज :** अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 50 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 7250-7350, दाल चना 8250-8350, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 10400-10500, अरहर दाल 10300-10400 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

# केंद्र ने पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए खर्च किए 3,623 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली**, 27 नवम्बर (एजेंसियां)। देश की केंद्र सरकार ने 2018 से दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में पराली प्रबंधन पर 3,623.45 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में यह जानकारी दी। पंजाब को सबसे अधिक 1,681.45 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, जिसके बाद हरियाणा को 1,081.71 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

निचले सदन में पेश किए गए आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश को 763.67 करोड़ रुपए, दिल्ली को 6.05 करोड़ रुपए और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) को 83.35 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

केंद्रीय मंत्री ने निचले सदन को बताया कि इस राशि का उपयोग पराली प्रबंधन मशीनरी को सब्सिडी देने और पराली जलाने पर रोक लगाने और सस्टेनेबल प्रैक्टिस को बढ़ावा देने के लिए कस्टम हायरिंग सेंटर (सीएचसी) स्थापित करने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि तीन लाख से अधिक मशीनें वितरित की गई हैं, जिनमें 4,500 बेलर और रेक शामिल हैं।



- पंजाब को सबसे अधिक 1,681.45 करोड़ रुपए किए गए आवंटित

सरकार ने प्लांट की क्षमता के आधार पर पेलेटाइजेशन (फसल अवशेषों को जैव-कोयले में परिवर्तित करना) प्लांट के लिए 1.4 करोड़ रुपये और टॉरफिकेशन प्लांट के लिए 2.8 करोड़ रुपए तक देने की जरूरत को समझा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब तक ऐसे प्लांट के लिए 17 आवेदनों को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 15 से सालाना 2.70 लाख टन धान के भूसे को संसाधित करने की उम्मीद है।

फसल अवशेष प्रबंधन मशीनरी की खरीद को समर्थन देने और दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना को लेकर कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने 2018 में एक योजना भी शुरू की थी।

2023 में, मंत्रालय ने फसल अवशेष/धान के भूसे की सप्लाई चेन स्थापित करने के लिए सहयोग बढ़ाने के लिए योजना के दिशा-निर्देशों को संशोधित किया, जिससे मशीनरी और उपकरणों की पूंजीगत लागत के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन**, फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।